तापमान

अधिकतम 34.4 डिग्री

न्यूनतम 15.6 डिग्री

हरिभूमि

# इस्पात भूमि

रायपुर, शुक्रवार, 22 मार्च 2024



10 नववधुओं का अफसरों ने किया सम्मान, पहली बार देंगी वोट





11 छत्तीसगढ़ कृषि कॉलेज की एनएसएस कैम्प का समापन











# आईआईटी की स्नातकोत्तर कक्षाओं में प्रवेश शुरू, इधर शोध परीक्षा निरस्त

हरिभूमि न्यूज ▶▶|भिलाई

आईआईटी भिलाई की मानसून सेमेस्टर में सभी विभागों के एमटेक और पीएचडी कार्यक्रमों में प्रवेश प्रक्रिया शुरू हो गई है। प्रवेश के लिए विद्यार्थी अपना आवेदन दे सकते हैं। प्रवेश के लिए आईआईटी प्रबंधन ने विद्यार्थियों के लिए ऑनलाइन सिस्टम से प्रवेश की सुविधा प्रदान की है। विद्यार्थी अपना ऑनलाइन आवेदन जमा करने और शुल्क भुगतान 30 अप्रैल तक कर सकते हैं। प्रवेश परीक्षा और साक्षात्कार मई में होगी।

## ऑनलाइन आवेदन कर सकेंगे विद्यार्थी

### इन विषयों में ले सकते हैं दाखिला

आईआईटी भिलाई बायो इंजीनियरिंग, कंप्यूटर साइंस एंड इंजीनियरिंग, डेटा साइंस एंड आर्टिफिशियल इंटेलिजेंस, इलेक्ट्रिकल इंजीनियरिंग, इलेक्ट्रॉनिक्स एंड कम्यूनिकेशन इंजीनियरिंग, मटेरियल साइंस एंड मेटलर्जिकल इंजीनियरिंग, मैकेनिकल इंजीनियरिंग और मेक्ट्रोनिक्स इंजीनियरिंग में एमटेक कार्यक्रम प्रदान करता है।आईआईटी भिलाई बायो साइंस एंड बायो मेडिकल इंजीनियरिंग, केमिस्ट्री, कंप्यूटर साइंस एंड इंजीनियरिंग, डेटा साइंस एंड आर्टिफिशियल इंटेलिजेंस, इलेक्ट्रिकल इंजीनियरिंग, इलेक्ट्रॉनिक्स एंड कम्यूनिकेशन इंजीनियरिंग, मटेरियल साइंस एंड मेटलर्जिकल इंजीनियरिंग, गणित, मैकेनिकल इंजीनियरिंग और मेक्ट्रोनिक्स इंजीनियरिंग, और भौतिकी में पीएचडी कार्यक्रम प्रदान करता है। प्रवेश संबंधी जानकारी विद्यार्थी आईआईटी भिलाई के वेबसाईट से भी ले सकते हैं।



### पीएचडी शोध प्रवेश प्रक्रिया निरस्त

हेमचंद यादव विश्वविद्यालय की पीएचडी शोध केंद्रों में प्रवेश प्रक्रिया निरस्त कर दी है। विश्वविद्यालय ने पीएचडी शोध केंद्रों में प्रवेश के लिए 21 मार्च से 5 अप्रैल तक विद्यार्थियों को सूचना दी थी। जिसे निरस्त कर दिया गया है। लोक सभा चुनावी आचार संहिता लागू होने के कारण कई शोधार्थियों को उनके विभागों से अवकाश की मंजूरी नहीं मिल पाई। इसकी सूचना शोधार्थियों ने विश्वविद्यालय प्रबंधन को दी। जिसे संज्ञान में लेते हुए कुलपति डॉ. अरूणा पल्टा ने परीक्षा विभाग अधिकारियों से बैठक की और यह निर्णय लिया। पीएचडी शोध करने वालों में ज्यादातर लोग सरकारी विभागों में हैं और शोध विद्यार्थी के रूप में यूनिवर्सिटी में आवेदन पेश किए हैं। ऐसे शोधार्थियों को अपने विभाग से अवकाश की अनुमति लेकर शोध कार्य में उपस्थिति देनी पड़ती है।

### 19 विषयों में 300 से ज्यादा शोधार्थी

डॉ. प्रीता लाल ने बताया कि वर्तमान में विश्वविद्यालय के अंतर्गत 19 विषयों में 17 शोधकेन्द्र विष्वविद्यालय द्वारा मान्यता प्राप्त है। इन्हीं शोधकेन्द्रों में लगभग 300 से अधिक शोधार्थी शोधकार्य हेतु प्रवेश लेंगे। प्रवेश के दौरान विद्यार्थियों को अपने सम्पूर्ण दस्तावेज के साथ–साथ प्रवेश आवेदन पत्र, अपने पात्रता प्रमाणपत्र, नियोक्ता का अनापत्ति प्रमाणपत्र तथा शोधनिर्देशक का नाम एवं शोधकेन्द्र का नाम प्रस्तुत करना था। प्रत्येक शोधकेन्द्र के संबंधित विभाग द्वारा एक समिति का गठन किया जाना आवश्यक है। इस समिति का नाम रिसर्च एडवाइजरी कमेटी होगा। इस कमेटी में संबंधित विभाग में पदस्थ समस्त मान्यता प्राप्त शोधनिर्देशक तथा महाविद्यालय के प्राचार्य शामिल होंगे। ऐसे शोधार्थी जिनके शोधनिर्देशक शोधकेन्द्र में पदस्थ नहीं है वें शोधनिर्देशक भी आर.ए.सी कमेटी के सदस्य होंगे।

## खबर संक्षेप

### चाकू से हमला कर मोबाइल लूटा

**भिलाई।** नशेडी युवकों ने चाकू से हमला कर मोबाइल लूट कर फरार होने का मामला सामने आया है। शिकायत पर पुलिस ने आरोपी युवकों के खिलाफ पुलिस ने जुर्म दर्ज कर संदेही को हिरासत में लेकर पूछताछ की जा रही है। वैशाली नगर पुलिस ने बताया कि केम्प-1 मदर टेरेसा नगर वार्ड 31 निवासी राम विलास चौहान ने शिकायत किया है कि भाई सत्येंद्र चौहान बीते 10 मार्च की रात जवाहर नगर कचरा भट्ठी की तरफ फोन पर बात करते हुए पैदल जा रहा था। तभी तीन युवक बाइक से पहुचे और सत्येंद्र के मोबाइल फोन को लूटने का प्रयास किया। दोनों पक्षों में हाथापाई हुई। इसी दौरान आरोपी एक युवक ने चाकू से सतेन्द्र पर हमला कर दिया। घटना में सत्येंद्र मौके पर ही गिर पड़ा। तीनों आरोपी मोबाइल लेकर फरार हो गए। पुलिस ने आरोपियों को पकड़ने के लिए कुछ शराबी और बदमाश युवकों की शिनाख्त कराने में जुटी है।

### नशेड़ी युवकों ने महिला से की मारपीट, जुर्म दर्ज

**भिलाई।** नशेड़ी युवकों ने डेली निड्स की दुकान संचालिका के साथ जमकर मारपीट किया है। आरोपियों के खिलाफ पुलिस ने जुर्म दर्ज किया है। सुपेला पुलिस ने बताया कि चिंगरीपारा सुपेला के पास डेली नीड्स की दुकान चलाने वाली महिला अमीना बेग नामक महिला के साथ बीती रात नशेडी युवकों ने जमकर मारपीट कर दिया। घटना में महिला को 6 टांके लगे है। मारपीट करने वाले युवकों में रजत, राजन समेत अन्य युवकों का नाम सामने आ रहा है। महिला ने जब पुलिस को बुलाया तो आरोपियों ने युवकों ने लाठी-डंडे से महिला और उसके भाई से मारपीट की।

## घटना : नशे में चला रहा था वाहन, दूसरे घायल की हालत गंभीर

# पिकअप की ठोकर से स्कूटी सवार की मौत, आक्रोशित लोगों ने किया चक्काजाम

हरिभूमि न्यूज ▶▶|भिलाई

नशेडी बोलेरो पिकअप चालक ने स्कूटी सवार दो लोगों को जोरदार ठोकर मार दी। घटना में एक ही मौके पर मौत हो गई। वहीं दूसरे की स्थिति गंभीर बनी हुई है। घटना बुधवार रात की है। गुरुवार की सुबह आक्रोशित लोगों ने कोहका चौक में दो घंटे तक जोरदार चक्काजाम कर दिया।शिकायत पर पुलिस ने चालक के खिलाफ धारा 304, 427 के तहत जुर्म दर्ज कर जांच में लिया है।

सुपेला पुलिस ने बताया कि कंट्रेक्टर कालोनी सुपेला निवासी धरमराज अपनी पिकअप सीजी 07 सीजे 9359 से नशे में चूर होकर आ रहा था। इस दौरान वार्ड 27 तीन दर्शन मंदिर कैम्प 1 निवासी मनीराम साहू अपनी स्कूटी सीजी 07 एलएम 0844 में दोस्त रुपराम साहू के साथ घर से दोनों कोहका जाने के लिए निकले थे। इस दौरा सदभावना चौक पहुचते ही बुधवार की रात सामने से पिकअप सवार ने वाहन लहराते हुए स्कूटी को चपेट में लिया। घटना में मनीराम की मौके पर ही मौत हो गई। वहीं रुपराम को सिर समते शरीर के विभिन्न हिस्सों में गंभीर चोट आई है। जिसका उपचार अस्पताल में जारी है। पुलिस ने तुरंत पिकअप को जप्त कर चालक को गिरफ्तार कर लिया है। मृतक मनीराम टेंट हाउस का काम करता था। घटना की रात भी टेंट का सामान कपड़ा छोड़ने के लिए निकला था। मृतका के चार बेटिया एक बेटा है। परिवार में कमाने वाले मनीराम ही था। इसके मौत के बाद परिवार चलाना मुश्किल हो गया है।

## मौके पर सीएसपी, टीआई समेत पुलिस बल पहुंचा

### 4 लाख का मुआवजा और संविदा की नौकरी का आश्वासन

सड़क हादसे में मृत परिवार और मोहल्ले के लोगों ने कोहका चौक पर शव को रख दो घंटे तक चक्काजाम कर दिया। चक्काजाम के दौरान ट्रैफिक व्यवस्था बुरी तरह प्रभावित हो गई थी। कोहका से सुपेला और सुपेला दुर्ग जाने वालों के लिए पूरी तरह सड़क को जाम कर रखा गया था।सूचना पर छावनी एसडीएम, तहसीलदार, सीएसपी सत्यप्रकाश तिवारी, डीएसपी ट्रैफिक सतीश ठाकुर, सुपेला टीआई राजेश मिश्रा मौके पर पहुचे थे।शव को रख प्रदर्शन कर रहे लोगों को काफी समझाने प्रयास किया गया लेकिन दो घंटे तक आक्रोशित लोग प्रदर्शन करते रहे।इस दौरान परिवार के लोग भी सड़क पर बैठे रहे। परिजनों की मांग थी कि एक को सरकारी नौकरी और मुआवजा राशि दिया जाए। परिजनों को 25 हजार रुपए दिया गया है। इसके अलावा मुआवजा के रुप में 4 लाख रुपए और एक को संविदा में नौकरी दिए जाने का लिखित में आश्वासन दिया गया है। उसके बाद प्रदर्शनकारी शांत होकर चक्काजाम को समापत किया।





मृतक



घायल

**लगातार हो रही दुर्घटनाओं को लेकर प्रशासन की योजना कारगर नहीं**

### तीन माह 299 हादसों में 85 मौत

| माह | हादसा | घायल | मृतक |
|---|---|---|---|
| जनवरी | 124 | 96 | 41 |
| फरवरी | 104 | 89 | 27 |
| मार्च | 71 | 58 | 17 |

### चालक गिरफ्तार

सड़क हादसे में एक की मौत हुई थी। चालक के खिलाफ जुर्म दर्ज कर पिकअप वाहन को जप्त कर उसे गिरफ्तार किया गया। प्रदर्शन कर रहे लोगों की मांग को शासन तक पहुचाया गया है। परिवार के एक व्यक्ति को संविदा के रुप में नौकरी शासन के नियम के मुताबिक दिए जाने का आश्वासन दिया गया है।

**- सत्यप्रकाश तिवारी,** सीएसपी भिलाई

### आरोपी चालक को कड़ी सजा की मांग

चक्काजाम के दौरान लोगों का आक्रोश इतना था कि पूरी सड़क को महिलाओं ने श्रृंखलाबद्ध होकर घेर लिया। बीच सड़क पर परिजनों के साथ लोग नारेबाजी करने लगे। मृतक की बेटियों का कहना था कि उनके सिर से पिता का साया छिन गया और उन पर आर्थिक संकट भी आ गया है। पिता की मौत का जिम्मेदार पिकअप चालक को कड़ी से कड़ी सजा देने की मांग की। मौके पर मौजूद भीड़ ने भी इनकी मांगों का समर्थन करते हुए दिखे। चक्काजाम होने से दो पहिया चार पहिया वाहन चालको को दिक्कतों का सामना करना पड़ा। सड़क को प्रदर्शन कारियों ने बाइक से लंबा घेरा बना लिया था। इसके कारण दोनो पार से कोई भी आ जा नहीं सकता था। कई लोग तो भीड़ को देख वापस भी लौट गए।

## दुर्ग कोर्ट का फैसला

# प्राणघातक हमला करने वाले को 5 वर्ष कारावास

हरिभूमि न्यूज ▶▶|भिलाई

प्राण घातक हमला करने वाले युवको को दुर्ग न्यायालय ने पांच वर्ष का सश्रम कारावास की सजा सुनाई ही। घटना उतई थाना क्षेत्र का है। मिली जानकारी के मुताबिक ग्राम डुण्डेरा में 23 सितंबर 2022 को दशहरा उत्सव मनाने दो जगह पर बैठक हुई थी। दोनों पक्ष जगह पर सामूहिक दशहरा उत्सव मनाने का निर्णय लिया था। बैठक खत्म होने के बाद पीड़ित डुण्डेरा निवासी टीमक लाल साहू के साथ आरोपी संजू साहू का विवाग हो गया। दोनों के विवाद को लेकर लोगों ने शांत कराया। कुछ देर बाद दोनों के बीच जमकर विवाद हुआ और आरोपी संजू साहू ने जान से मारने की धमकी देकर टीकम पर चाकू से प्राणघातक हमला कर फरार हो गया।

घटना में टीकम लाल के पेट, पसली, सीना, हाथ में गंभीर चोट आई थी। जिसे उपचार के लिए अस्पताल में दाखिल कराया गया। शिकायत पर उतई पुलिस ने आरोपी संजू को गिरफ्तार कर जेल भेज दिया था। द्वितीय अपर सत्र न्यायाधीश राकेश कुमार वर्मा की न्यायालय ने आरोपी संजू साहू को धारा 307 के तहत 5 वर्ष , 1000 रुपए अर्थ दंड, आयुष अधिनियम की धारा 25 के तहत 1 वर्ष सश्रम कारावास, 1000 रुपए अर्थ दंड की सजा दी है। मामले की अतिरक्ति लोक अभियोजक ललित देशमुख ने पैरवी की थी।

## थाना कोतवाली क्षेत्र की घटना

# ब्लैकमेलिंग व धमकी मामले में 3 गिरफ्तार

हरिभूमि न्यूज ▶▶|भिलाई

आपत्तिजनक वीडियो को लेकर जान से मारने की धमकी देकर रुपए का डिमांड करने का मामला सामने आया है। मामले में तीन युवकों पुलिस ने गिरफ्तार किया है। कोतवाली दुर्ग पुलिस ने बताया कि गवली पारा दुर्ग निवासी सुमीत बोथरा को जान से मारने की धमकी देने की शिकायत पुलिस से किया। जांच करने पर पता चला कि पीड़ित के मोबाइल में धमकी भरा मैसेज आया था। उसके बाद शिवपारा दुर्ग निवासी टीसु बडजात्या से मिलकर छोटे भाई का कुछ आपत्तिजनक वीडियों होने की जानकारी मिली।

वीडियो को समाप्त करने के एवज में टीसु बडजात्या ने रुपए का डिमांड किया। मामले में पुलिस ने टीसु बडजात्या (जैन) के अलावा राजनांदगांव निवासी लेखराम साहू,

- आरोपियों ने किया फर्जी सिम का इस्तेमाल
- धन उगाही के लिए तैयार किया था प्लान

जयंती नगर दुर्ग निवासी पुरूषोत्तम देवांगन को भी गिरफ्तार किया है। तीनों आरोपी पीड़ित को फर्जी सिम का उपयोग कर उगाही के लिए लगातार धमकी दिया करते थे।

## जिला सहकारी केंद्रीय बैंक का मामला

# बीस हजार की लिमिट, केंद्रीय बैंकों में अटकी है करोड़ों राशि

हरिभूमि न्यूज ▶▶|दुर्ग

जिला सहकारी केंद्रीय बैंक के ब्रांचों में अचानक नकदी कि किल्लत होने से किसानों के बीच खलबली मच गई है। जिला सहकारी बैंक के मुख्यालय से लेकर विभिन्न ब्रांचों में कैश राशि नहीं होने के चलते किसानों को एक दिन में सिर्फ बीस हजार रूपए ही दिया जा रहा है। लिमिट बांधने के चलते महतारी वंदन योजना और अंतर की करोडों रूपए की राशि बैंक में ही अटक गई है।

प्रदेशभर में अंतर और महतारी वंदन योजना के तहत 14 हजार करोड रूपए खाते में जमा हैं। ऐसे में एक साथ नकदी की डिमांड बढने से बैंक में कैश प्लो प्रभावित हो गया है। उल्लेखनीय हैं कि, विगत बारह मार्च को मुख्यमंत्री द्वारा जिले के एक लाख पांच हजार 778 किसानों को 537 करोड साठ लाख रूपए जारी किया गया है। इन किसानों के खाते में अंतर की राशि जमा भी हो गई है। लेकिन नकदी की डिमांड बढने के चलते बैंक प्रबंधकों में भी खलबली मच गई है। हालात को देखते हुए बैंक द्वारा सभी ब्रांचों को निर्देश दिए गए है, कि किसानों को रोजाना बीस हजार रूपए ही लिमिट दी जाए। अधिकारियों ने बताया कि, जिला सहकारी बैंक में खुद का चेस्ट नही है, जिसके चलते अन्य बैंको के चेस्ट से नकदी उन्हें डिमांड के आधार पर नकदी उपलब्ध कराई जाती है।

### तीनों जिले में नकदी का संकट

जिला सहकारी केंद्रीय बैंक दुर्ग के प्रधान कार्यालय सहित अन्य शाखाओं में इन दिनों नकद राशि की किल्लत ही गई है। इसके आलावा बालोद में 685 करोड 85 लाख और बेमेतरा में 855 करोड 57 लाख रूपए किसानों के खाते में जमा हो गए है। लेकिन नकदी की समस्या होने के कारण किसान खाते से राशि नही निकाल पाए है। यह हालात न सिर्फ दुर्ग बल्कि बेमेतरा और बालोद में भी बनी हुई हैं। नकदी नही मिलने से किसान मासूस लौट रहे है।

### रोज किसानों की भीड़

दुर्ग जिले के 1,05,778 किसानों के खाते में 537 करोड़ 60 लाख रुपये को राशि 12 मार्च को अंतरित हुई है। दरअसल सरकार द्वारा किसानों से 3,100 रुपये प्रति क्विंटल की दर से धान खरीदी की गई। जिसमें धान कामन व सरना धान 917 रुपये प्रति क्विंटल और धान ग्रेड ए 897 रुपये प्रति क्विंटल की दर से भुगतान किया जा रहा है। जिसे खाते से निकालने रोज किसान बैंक पहुंच रहे हैं।

### नेट बैंकिंग सुविधा नहीं

जिला सहकारी बैंक में नेट बैंकिंग की सुविधा नही होने के कारण समस्या बनी हुई है। ऐसे में अफसर किसानों को आरटीजीएस और एनईएफटी के जरिए दूसरे बैंको से नकदी राशि निकालने की सलाह दे रहे है। इसके आलावा सहकारी बैंक के किसान मोबाइल एप के जरिए भी एक समय में एक लाख से पांच लाख तक डिजीटल ट्रांजेक्शन कर सकते है। लेकिन किसानों को नकदी की किल्लत से छुटकारा नही मिलेगा।

**बाजार में पड़ेगा असरः** जिला सहकारी केनद्रिय बैंक खाते से राशि निकालने आए किसान बाबूलाल साहू ग्राम मालूद ने बताया कि, उन्हे रबि फसल के लिए ट्रैक्टर खरीदना है। इसी तरह ग्राम बोरई के किसान उत्तम चंद्राकर ने बताया कि, अगले माह उनके घर में शादी है। ऐसे में उन्हें नकदी की जरूरत हैं। परमानंद यादव ने बताया कि, आगामी दिनों होली पर्व है, जिसके लिए राशि की जरूरत है। इस तरह अंतर की राशि अटकने से बाजार पर असर देखने को मिलेगा।

### बैंक के पास खुद का चेस्ट नहीं

रिजर्व बैंक से नकदी राशि चेस्ट में भेजा जाता है। चेस्ट में राशि आने के बाद इसे बैंको को डिमांड के हिसाब से सर्कुलेट किया जाता है। समान्यतः सभी बैंको के खुद के चेस्ट होते है। लेकिन जिला सहकारी बैंक का खुद का चेस्ट नही है। दुर्ग जिला सहकारी बैंक को बैंक आफ बडौदा सिविक सेंटर भिलाई से नकदी उपलब्ध कराई जाती है। अगर बैंक का खुद का चेस्ट होता तो वे डिमांड के अनुसार कैश प्लो कर सकती है।

# दोस्तों ने की थी हत्या, आरोपी गिरफ्तार

हरिभूमि न्यूज ▶▶|भिलाई

शराब पिलाकर युवकों ने अपने दोस्त को ही मौत के घाट उतार दिया था। दो दिन पहले हुए हत्या मामले में पुलिस ने आरोपी को गिरफ्तार किया है। एएसपी अभिषेक झा ने बताया कि वार्ड 54 कुंदरा पारा दुर्ग निवासी तोपचंद घृतलहरे की हत्या कर दो दिन पूर्व लाश को मनीष पेट्रोल पंप के पीछे झाडियों में फेंक दिया गया था। खबर लगने पर पुलिस मौके पर पहुची और आरोपियों की तलाश में जुटी रही। शराब पार्टी तोपचंद के साथ दोस्त अनिल नौरंगे, वीरु आदि के साथ कर रहा था। लाश के पास सीमेंट पोल में खुन के निशान व शराब की बोतल, डिस्पोजल आदि पुलिस को मिला। जांच के दौरान पुलिस को मुखबिर ने सूचना दिया कि अनिल नौरंगे तिल्दा में छिपा हुआ है। जिसे पकड़ने एसपी जितेन्द्र शुक्ला के निर्देश पर सीएसपी चिराग जैन के नेतृत्व में टीम बनाई गई। टीम को रवाना किया गया। मृतक के मोहल्ले में ही अनिल नौरंगे भी निवास करता है। उसे पकडकर लाने के बाद पुलिस पूछताछ में आरोपी ने बताया कि उसके साथ घटना में वीरु सतनामी ने भी शामिल था। दोनों ने मिलकर घटना को अंजाम देना स्वीकार किया। घटना में वीरु मौके से फरार है। कार्रवाई में पदमनाभपुर ट्रेनी आईपीएस अक्षय प्रमोद सबद्रा समेत सिविल टीम का योगदान रहा है।

## कॉलेजों से जानकारी मंगवाई

# हायर एजुकेशन सर्वे की तैयारी

हरिभूमि न्यूज ▶▶|भिलाई

हेमचंद यादव विश्वविद्यालय,दुर्ग द्वारा ऑल इंडिया सर्वे ऑफ हायर एजुकेशन एआईएसएचई पर केंद्रित एक दिवसीय कार्यशाला आयोजित की गई। इस कार्यशाला का आयोजन कल्याण स्नातकोत्तर महाविद्यालय, भिलाई के सभागार में किया गया। इस कार्यशाला में राज्य एनएसएस सम्पर्क अधिकारी, डॉ. नीता बाजपेयी के निर्देशानुसार लगभग 150 से अधिक महाविद्यालय के प्राचार्य एवं प्रभारी प्राध्यापकों ने हिस्सा लिया।जिसमें कालेजों के नैक मूल्यांकन के पूर्व उनकी आवश्यक तैयारी व जानकारी भेजने पर जोर दिया गया।



### नैक मूल्यांकन हेतु एआईएसएचई सर्टिफिकेट जरूरी

कल्याण स्नातकोत्तर महाविद्यालय, भिलाई के प्राचार्य, डॉ. आर. पी. अग्रवाल ने ऑल इंडिया सर्वे ऑफ हायर एजुकेशन एआईएसएचई की महत्ता एवं उसके लिए आवश्यक जानकारी एकत्रित करने पर जोर दिया। कुलपति, डॉ. अरूणा पल्टा ने कहा कि प्रत्येक महाविद्यालय को ऑल इंडिया सर्वे ऑफ हायर एजुकेशन एआईएसएचई से संबंधित प्रपत्र को ध्यान से भरना चाहिए। क्योंकि इन्हीं पूरे देष के आंकड़ों को एकत्रित कर राष्ट्रीय स्तर पर योजनाएं तैयार की जाती है। डॉ. पल्टा ने कहा कि महाविद्यालयों को नैक मूल्यांकन कराने हेतु भी ऑल इंडिया सर्वे ऑफ हायर एजुकेशन एआईएसएचई का प्रमाणपत्र आवश्यक है। कुलसचिव भूपेन्द्र कुलदीप, अधिष्ठाता छात्र कल्याण, डॉ. प्रशांत श्रीवास्तव, डॉ. विकास पंचाक्षरी आदि मौजूद थे। डॉ. पंचाक्षरी ने लगभग डेढ़ घंटे अवधि के पावर प्वाइंट प्रस्तुतिकरण के माध्यम से समस्त प्रतिभागियों को ऑल इंडिया सर्वे ऑफ हायर एजुकेशन एआईएसएचई से संबंधित नवीनतम जानकारी प्रदान किये। अनेक प्राचार्यों एवं प्राध्यापकों ने प्रश्न पूछकर अपनी जिज्ञासा का समाधान किया।







## पाठक सूचना

हरिभूमि के सुधि पाठकों को अखबार की प्रतियां नहीं मिल रही हो या अन्य अखबार दिया जा रहा हो तो हमें निम्न नंबर पर संपर्क करें या वाट्सअप करें- दुर्ग, भिलाई

7987328736, 7489348301

# खाद्य प्रतिष्ठानों में मिठाइयों पर चढ़ा रहे थे घटिया जलेबी रंग, समझाइश देकर छोड़ा

हरिभूमि न्यूज ▶▶|दुर्ग

होली पर्व के चलते इन दिनों औषधि प्रशासन विभाग के अधिकारी जमीनी स्तर पर दिख रहे है। जांच में एक होटल में मिठाईयों पर घटिया जलेबी रंग पाया गया। जिसे समझाईश देकर अफसरों ने छोड दिया।

इसके आलावा शहर के विभिन्न प्रतिष्ठानों में दबिश देकर अफसरों ने सैंपल लिया है, जिसे जांच के लिए भेजा गया हैं। कलेक्टर सुश्री ऋचा प्रकाश चौधरी के निर्देशानुसार जिले में पदस्थ खाद्य सुरक्षा अधिकारियों द्वारा त्योहारी सीजन को देखते हुए जिले के विभिन्न मिष्ठान एवं खाद्य पदार्थों के विक्रेताओं की दुकानों में निरीक्षण कर मिठाईयों की गुणवत्ता जांच की गई। खाद्य सुरक्षा अधिकारी से मिली जानकारी के अनुसार 15 से 21 मार्च तक मेसर्स अग्रवाल मिष्ठान भण्डार दुर्ग से खाद्य पदार्थों मावा और बारीक बूंदी लड्डु एवं मेसर्स शिवा किराना कुम्हारी से बेसन एवं मैदा, मेसर्स बैकोलॉजी बेकर्स एवं स्वीट्स कोहका भिलाई से बेसन लड्डू, तृप्ति मिष्ठान, हटरी बाजार दुर्ग से मथुरा पेडा व केसर टिक्की एवं मेसर्स तोतामल जेठामल किराना भिलाई-03 से हरेली राईस ब्रान तेल का नमूना संग्रहण कर जांच हेतु खाद्य परीक्षण प्रयोगशाला भेजा गया है।

जिले में संचालित होलसेल किराना इंदिरा मार्केट, हटरी बाजार में संचालित मेसर्स अशोक ट्रेडिंग कंपनी, किशन लाल एण्ड संस, बाकलीवाल एंटरप्राईजेस, जनता किराना स्टोर्स, शमशुद्दीन जैम मोहम्मद, जे.के. प्रोव्हीजन स्टोर्स सदाणी प्रोव्हीजन स्टोर्स, पंकज ट्रेडर्स, नेमीचंद पंकज कुमार जैन, लालचंद किराना स्टोर्स एवं जयमाता दी ट्रेडर्स के साथ साथ पावर हाउस होलसेल मार्केट में संचालित मेसर्स कांतीलाल किराना मर्चेंट, ज्योति इंटरप्राईजेस, शिवशक्ति ट्रेडर्स, अनमोल ट्रेडर्स, हरयाणा ट्रेडर्स, उत्तम किराना, पापुलर किराना, ओम किराना एवं जनरल स्ट्रोर्स, पारख सुपर बाजार रिसाली, शिव किराना एवं किर्तन किराना कुम्हारी में औचक निरीक्षण किया गया।

**निरीक्षण के दौरान पाए गए अखाद्य पदार्थों का मौके पर ही किया नष्टीकरण**



### जलेबी रंग को कराया गया नष्टीकरण

निरीक्षण के दौरान पाए गए गाय छाप अखाद्य रंग (खाने लायक नहीं) का मौके पर ही नष्टीकरण कराया गया एवं जलेबी रंग बोल कर अखाद्य रंग को भविष्य में न बेचे जाने हेतु निर्देशित किया गया। विभाग द्वारा संचालित चलित खाद्य परीक्षण प्रयोगशाला के माध्यम से लगातार भ्रमण कर व्यवसाई एवं उपभोक्ताओं को विभिन्न खाद्य पदार्थ एवं नास्ता आदि परोसने हेतु अखबारी कागज एवं अखाद्य रंग के उपयोग न करने हेतु कार्यवाही की जा रही है। हांलाकि जलेबी रंग किस प्रतिष्ठान में मिले, इसकी जानकारी नही दी गई है।

### पर्व पर ही सक्रिय रहते हैं अफसर

हाल ही में आगामी दिनों होली पर्व है, जिसके चलते औषधि प्रशासन विभाग के अधिकारी सक्रिय दिख रहे है। जबकि सालभर विभाग के अफसर सक्रिय नजर नही आते है। कार्यवाही के नाम पर देखा गया हैं कि, सिर्फ सैंपल लेकर खानापूर्ति की जाती है। सैंपल लेने के बाद आज तक कोई बडी कार्यवाही विभाग द्वारा नही की गई है। इस संबंध में औषधि प्रशासन विभाग के अधिकार क्षीरसागर से संपर्क किया गया, उन्होने फोन रिसिव नही किया।

**खबर संक्षेप**

### गमछा पहनाकर किसानों का किया सम्मान



**दुर्ग।** भाजपा किसान मोर्चा की तरफ से विष्णु देव साय सरकार के 100 दिन पूरे होने पर किसानों का सम्मान किया गया। भाजपा के 100 किसानों को गमछा पहनकर सम्मान किया गया। इसमें दुर्ग जिला किसान मोर्चा के जिलाध्यक्ष विनायक ताम्रकार, उपाध्यक्ष योगेंद्र दिल्लीवार, मुकुंद विश्वकर्मा मंडल अध्यक्ष, राम नारायण साहू, कमलेश चंद्राकर, मंडल अध्यक्ष पाटन शीतल साहू आदि किसान मोर्चा के जिला एवं मंडल पदाधिकारी एवं किसान भाई उपस्थित थे।

### मृतक के परिजन को मिली आर्थिक सहायता

**दुर्ग।** कलेक्टर सुश्री ऋचा प्रकाश चौधरी ने दुर्घटना में मृतक के परिजन को 4 लाख रूपये की आर्थिक सहायता अनुदान राशि स्वीकृत की है। प्राप्त जानकारी के अनुसार दुर्गापारा लक्ष्मी नगर वार्ड नं. 5 सुपेला तहसील व जिला दुर्ग निवासी नीतू ठाकुर की विगत 29 जुलाई 2021 को साड़ी में आग लग जाने से जलने पर उपचार के दौरान मृत्यु हो गयी थी। कलेक्टर द्वारा शासन के राजस्व एवं आपदा प्रबंधन के प्रावधानों के अनुरूप स्व. नीतू ठाकुर के पुत्र वरूण ठाकुर एवं पुत्री लिशा ठाकुर को 4 लाख रूपये की आर्थिक सहायता अनुदान राशि स्वीकृत की गई है।

### निधन-प्रतिमा चन्द्राकर



**अंडा।** ग्राम अंडा गुडी चौक निवासी प्रतिमा चन्द्राकर पति डाकेश चंद्राकर उम्र 42 वर्षीय का 20 मार्च को निधन हो गया। वे अपने पिछे भरा पुरा परिवार को छोड़कर चले गये। उनके दो पुत्री थे , वे 112 गाडी के चालक दिनेश चंद्राकर के भाभी थे। उनका अंतिम संस्कार स्थानीय मुक्तिधाम में किया गया ।

## चाय से खातिरदारी सात रुपए, भोजन कराने पर जुड़ेंगे 180 रुपए

# बैंड बजाया तो तीन हजार, गजमाल से स्वागत पर डेढ़ हजार जुड़ेंगे

हरिभूमि न्यूज ▶▶|दुर्ग

निर्वाचन आयोग ने विधानसभा चुनाव में प्रत्याशियों के चुनावी खर्च की सीमा तय कर दी है। जिसके तहत आयोग ने खाद्य सामान, प्रचार सामग्री, वाहन, टेबल व कुर्सी सहित करीब डेढ सौ से अधिक सामग्रियों के निर्धारित कर दिए है। इसमें नेताजी अगर रोज आठ घंटे प्रचार में बैंड-बाजा जाएंगे तो तीन हजार रूपए और स्वागत करने गजमाला पहनाने पर डेढ हजार रूपए खाते से कटेगी। पिछले चुनाव के मुकाबले इस बार सभी सामग्रियों के दाम दस फीसदी बढ गए है। इस बार लोकसभा में चुनाव लडने के लिए खर्च सीमा सत्तर लाख से बढ़ाकर 95 लाख कर दी गई है। वही पार्टी उम्मीदवारों के लिए भी चुनाव सामग्रियों के दर निर्धारित कर लिए गए है। जिसके अनुसार चाय में काम चलाने पर सात रूपए और भोजन से खातिरदारी कर दी तो नेता जी के खाते में 70-180 रूपए जुड जाएंगे। इसमें सादी थाली 70 रूपए, नार्मल 95 और स्पेशन थाली पर 180 रूपए जुड जाएंगे। हालांकि विधानसभा चुनाव में ही यही दर भोजन और चाय के निर्धारित है। आयोग द्वारा ऐसे 200 तरह के अलग अलग आइटम्स की दर सूची जारी की गई है। नेताजी चाहे तो सबसे कम खर्च में सात रुपए की चाय थमा सकते हैं, वही अगर काफी पिलाई तो बीस रूपए देने पड सकते है। इसके आलावा सामान्य भोजन कराने पर सत्तर और स्पेशल थाली के लिए 180 रूपए जुड जाएंगे। इसके आलावा कुर्सी, एसी और तकिया, रजाई और चादर तक की कीमत जोड ली गई हैं। इसके आलावा फ्लैक्स, झंडा, कुर्सी, जनरेटर, कार्यालय का साज सज्जा, लाइट, कूलर, मंच का निर्माण साइज सहित 175 आइटम के दर तय किए गए हैं।

**उम्मीदवार के खाते में जुड़ेगा निर्धारित खर्च, देने होंगे पाई-पाई**



### पार्टी वाला गमछा के लिए जुड़ेगें

पार्टियों के लिए होटल पन्द्रह सौ से एसी रूम प्रतिदिन चार हजार तक निर्धारित है। पार्टी वाला गमछा छोटा और बडे के लिए 35-60 रूपए देने होगें। इसी तरह पोस्टर बारह से अठारह इंच के लिए पांच रूपए, फोटोग्राफी प्रति कैमरा ग्यारह सौ, फोटोग्राफी व विडियोग्राफी 1100 से पच्चीस सौ और तोरण छोटा और बडा पचास पैसे ढाई रूपए, बैंड बाजा पांच समूह के लिए प्रति आठ घंटा तीन हजार, ग्यारह में साढे नौ हजार, डीजे बजाने पर वाहन सहित आठ घंटे का बारह हजार जुड जाएगा। इसके आलावा नेताजी को हार पहनाने में गज माला प्रति नग पन्द्रह सौ रूपए रहेगी।

### कोल्ड ड्रिंक की रहेगी डिमांड

आयोग द्वारा नाश्ते से काम चलाने के लिए चाय के आलावा एक समोसे व कचौडी की कीमत दस रूपए, आलू पोहा पन्द्रह, लस्सी 25-50 रूपए, दौ सौ एमएल कोल्ड ड्रिंक बीस रूपए, छाछ पन्द्रह, दुध पन्द्रह, एक लीटर पानी बीस रूपए खाते से कटेगें। इसी तरह आयोग ने वाहनों की कीमत भी निर्धारित की है। जिसमें इनोवा प्रतिदिन 2250-2800 रूपए, जीप व सूमो 1100, बोलेरो 1300 स्कार्पियों 1600 इंडिका 1100 सायकल रिक्शा 350 ई रिक्शा 700 ट्रैक्टर 2000, आटो रिक्शा 800 से लेकर बस का 9 हजार और रैंज रोवर, फार्च्यूनर, आडी जैसे लक्जरी कार की भी कीमत तय की गई है।

### खर्च की सीमा 4 गुना बढ़ी

लोकसभा चुनाव में हर बार आयोग मतदाताओं की संख्या के आधार पर प्रत्याशी के लिए अधिकतम खर्च की सीमा तय करता है। इस बार प्रत्याशी के लिए 95 लाख रुपए की राशि तय की गई है। कोई भी प्रत्याशी चुनाव में इससे एक रुपए भी अधिक राशि खर्च नहीं कर पाएगा। सूत्रों के अनुसार पिछले 20 साल में प्रत्याशी के खर्च की सीमा 4 गुना बढ़ाई गई है। कूलर किराया पिछले लोकसभा चुनाव में कूलर 320 एवं जम्बे कूलर का किराया 2150 था। इसमें 20 एवं 150 रुपए की कटौती की गई है। इस तरह प्रत्याशी के चुनावी खर्च में कूलर किराये के रूप में कम राशि जुड़ेगी।

**मतदाता जागरूकता कार्यक्रम**

## नववधुओं का अफसरों ने किया सम्मान, पहली बार देंगी वोट



हरिभूमि न्यूज ▶▶|दुर्ग

दूसरे जिले से विवाह होकर दुर्ग में आई नई दुल्हनों का अफसरों ने सम्मान किया। अब ये महिलाएं पहली बार दुर्ग जिले की वोटर होगी। मतदाताओं के शत प्रतिशत मतदान करने मतदाता जागरूकता अभियान स्वीप कार्यक्रम के तहत यह कार्यक्रम आयोजित किए जा रहे है। इसी कड़ी में लोकसभा दुर्ग अंतर्गत आने वाले विधानसभा 64-दुर्ग शहर के आंगन बाड़ी केंद्र क्रमांक 01, वार्ड नंबर 36 में आज सुपोषण पखवाड़ा सप्ताह के साथ साथ स्वीप कार्यक्रम में मतदाता जागरूकता का भी कार्यक्रम किया गया। कार्यक्रम में सुपोषण पखवाड़ा के तहत 5 गर्भवती महिलाओ को सुपोषण कीट प्रदान कर गोद भराई रस्म अदा की गई। मतदाता जागरूकता कार्यक्रम के तहत 13 नवविवाहितों का तिलक लगाकर, श्रीफल देकर सम्मानित किया गया।

- **आंगनबाड़ी केंद्र गंजपारा दुर्ग में हुआ मतदाता**

### आंगनबाड़ी में बनेंगे सेल्फीजोन

आंगन बाड़ी केंद्र में मतदाता जागरूकता हेतु सेल्फी प्वाइंट भी बनाया गया था। जिसमे सभी ने सेल्फी फोटो भी ली। कार्यक्रम में मुख्य रूप से सहायक रिटर्निंग ऑफिसर अरविंद इक्का, आयुक्त नगर निगम लोकेश चंद्राकर, तहसीलदार प्रफुल्ल गुप्ता, कार्यक्रम अधिकारी महिला एवं बाल विकास विभाग, परियोजना अधिकारी शहर अनिता सिंह, पर्यवेक्षक शशि मानिकपुरी, कार्यकर्ता ममता यादव, कविता जाधव, रानूऊ सोनी, पार्वती यादव, अंजुम बेगम भी उपस्थित रही।

### होलिका दहन 24 को

**भिलाई।** होली महापर्व इस बार 24 मार्च रविवार को होलिका दहन एवं होली मिलन के साथ ब्रजमंडल भिलाई के गीता भवन से.6 के प्रांगण में सांय 6 बजे से सार्वजनिक रूप से मनाया जाएगा। कार्यक्रम चुनावी आचार संहिता नियमों का अनुपालन कर मनाए जाएंगे। कार्यक्रमानुसार संध्या 4 बजे से 6 बजे तक भजनों और ब्रज के होली फाग गीतों का कार्यक्रम होगा। तत्पश्चात नियमित संध्या 6.15 बजे महाआरती होगी। सांय 7 बजे होलिका पूजन का कार्यक्रम होगा।

## रोमांचक मुकाबले में कवर्धा टीम ने एक रन से जीता मैच



**भिलाई।** सीएससीएस द्वारा आयोजित सीनियर वर्ग टी-20 ( प्लेट ग्रुप) अंतर जिला क्रिकेट प्रतियोगिता के अंतर्गत गुरुवार को खेले गए पहला मैच धमतरी विरुद्ध बिलासपुर ब्लू के बीच खेला गया। जिसमें परिणाम धमतरी ने 9 रन से यह मैच जीता। पहले बल्लेबाजी करते हुए धमतरी 20 ओवर में 9 विकेट पर 136 रन आदर्श वर्मा 23, शशांक तिवारी और योहन नायक 21-21, युवराज साहू 19, रमेश सिदार 18 रन बनाएं। गेंदबाजी बिलासपुर ब्लू धनंजय नायक 6 विकेट लिए। लक्ष्य का पीछा करते हुए बिलासपुर ब्लू 20 ओवर में 8 विकेट पर 127 रन ही बना पाई। अल्तमस खान 36, सनी पांडे नॉट आउट 17 रन बनाए। गेंदबाजी धमतरी आनंद ने 3 विकेट नारायण साहू ने 2 विकेट लिए। दूसरा मैच कवर्धा विरुद्ध कोरबा के बीच खेला गया। जिसमें कवर्धा ने यह मैच 1 रन से जीता। बल्लेबाजी कवर्धा 20 ओवर में 9 विकेट पर 159 रन अभिषेक चंद्रवंशी 46, आकाश सिंह 22, शुभम खत्री 19 बनाए। गेंदबाजी कोरबा सुमित अग्रवाल 3, दुर्गेश साहू 2 विकेट लिए। बल्लेबाजी कोरबा 20 ओवरमें 158 रन पर आउट आयुष शर्मा नॉट आउट 66, दुर्गेश साहू 23, सुधांशु तिवारी 15 रन बनाए। गेंदबाजी कवर्धा विकास यादव 4 विकेट अभिषेक चंद्रवंशी 3 विकेट लिए।

# तालपुरी में बनेगी क्षेत्रीय कृषि उत्पादों की मंडी

हरिभूमि न्यूज ▶▶|दुर्ग

कलेक्टर सुश्री ऋचा प्रकाश चौधरी ने विगत दिनों साथी परियोजना अंतर्गत तालपुरी में प्रस्तावित क्षेत्रीय उत्पादों की मंडी का निरीक्षण किया। साथी परियोजना आत्म निर्भर भारत, मेक इन इंडिया एवं लखपति दीदी जैसी परियोजनाओं को बढ़ावा देने एवं किसानों की आय में वृद्धि के उद्देश्य से बनाई गई परियोजना है। इस परियोजना के अंतर्गत जिले में साथी बाजार स्थापित किया जाएगा, जिससे कृषकों के स्वसहायता समूहों व एफपीओ को अपने उत्पादो का भण्डारण करने के लिये 5000 मि.टन का कोल्डस्टोरेज उपलब्ध कराया जायेगा एवं उत्पादों को सीधे उपभोक्ता को विक्रय करने हेतु अपना मंडी मिलेगा। स्वसहायता समूहों व एफ.पी.ओ. को उत्पादों का प्रसंस्करण कराने के लिये प्रसंस्करण उद्योग स्थापित किया जायेगा। साथ ही उन्हें उच्च गुणवत्ता एवं उचित मूल्य पर आदान सामग्री उपलब्ध कराने के लिये एग्रीमॉल स्थापित किया जावेगा। नवीन तकनीक की जानकारी एवं सलाह, किराये पर उपकरण तथा परीक्षण सुविधा उपलब्ध कराने के लिये कृषक सहायता केन्द्र स्थापित किया जावेगा जिसका संचालन विश्वविद्यालय के स्नातको द्वारा किया जायेगा।कृषकों के स्वसहायता समूहों, एफपीओ.व स्वदेशी कंपनियो को अपने उत्पाद विक्रय करने के लिये सुपर बाजार उपलब्ध कराया जायेगा, जहां स्पेशल प्रमोशन जोन के माध्यम से विक्रय काउंटर बूट मॉडल पर उपलब्ध कराये जायेंगे। राज्य की शासकीय इकाईयो जैसे दुग्ध महासंघ, लघुवनोपज संघ, हस्तशिल्प विकास निगम इत्यादि को अपने उत्पाद विक्रय करने के लिए जगह उपलब्ध कराई जाएगी। राज्य की ऑनलाईन आवश्यक सेवाओं को प्रदान करने के लिए केन्द्र स्थापित किया जाएगा। जिले में साथी बाजार का संचालन 10 हजार महिलाओं के एफ.पी.ओ. के माध्यम से किया जायेगा, जिस हेतु प्रत्येक ग्राम से 20 महिलाओं का चयन किया जायेगा। प्रत्येक ग्राम से चयनित महिला सखियों के द्वारा साथी बाजार मे स्थापित स्वदेशी कंपनियो के उत्पादों की मार्केटिंग अपने ग्राम में की जायेगी, जिसके लिए उन्हें आवश्यक प्रशिक्षण निःशुल्क उपलब्ध कराया जायेगा।

- **रंग-बिरंगे सजावटी पौधों से सजेंगे शा. कार्यालय व भवन**



### नर्सरी में सजावटी पौधों की संख्या बढ़ाएं: कलेक्टर

कलेक्टर सुश्री ऋचा प्रकाश चौधरी ने उद्यानिकी विभाग की नर्सरी का भी निरीक्षण किया। उन्होंने नर्सरी में रोपे जाने वाले सभी पौधों का अवलोकन किया। नर्सरी में आम, अमरूद, बेर, आंवला, नींबू, करौंदा, मौसम्बी, कलमी, बीजू एवं अन्य सजावटी पौधे वर्तमान में रोपित किए गए है। कलेक्टर ने इनके आंकड़ों की जानकारी ली एवं नर्सरी में सजावटी पौधों की संख्या को और बढ़ाने के लिए कहा। उन्होंने विभाग के अधिकारियों को निर्देशित किया कि निजी नर्सरी संचालकों की तरह ही सरकारी नर्सरी के पौधों को जनता तक पंहुचाया जाए। साथ ही उन्होंने नर्सरी के सजावटी पौधों को सभी सरकारी कार्यालयों एवं भवनों में रोपित करने के निर्देश दिए। कलेक्टर सुश्री चौधरी ने इसके बाद बीज निगम का निरीक्षण किया।

**शांति समिति की बैठक में लिया गया निर्णय**

# आपस में मिल जुलकर शांति-पूर्वक मनाएं होली



हरिभूमि न्यूज ▶▶|दुर्ग

जिला स्तरीय शांति समिति की बैठक अपर कलेक्टर अरविंद एक्का की अध्यक्षता में संपन्न हुई। बैठक में होली पर्व को सुरक्षित और शांतिपूर्वक मनाए जाने का सर्वसम्मत निर्णय लिया गया। आगामी होली त्यौहार एवं अन्य त्यौहारों में जिले में सामाजिक सौहार्द्र बना रहे यह सुनिश्चित करें। आगामी त्यौहारों में कानून व्यवस्था बनाए रखना है। उन्होंने शांति समिति के योगदान की सराहना करते हुए कहा कि, आप सभी के योगदान से जिले में सामाजिक सौहार्द, आपसी प्रेम एवं भाईचारा की गौरवशाली परंपरा रही है। होली को देखते हुए महत्वपूर्ण स्थानों पर फायर ब्रिगेड वाहन की व्यवस्था, विद्युत उपकरण तार, ट्रांसफार्मर होलिका दहन के पास न हो यह सुनिश्चित करने, स्ट्रीट लाईट एवं सार्वजनिक संपत्तियों को नुकसान पहुंचाने वालों के विरूद्ध पुलिस को कड़ी कार्यवाही करने के निर्देश दिए। बैठक में चिकित्सा विभाग को होली पर्व के दौरान प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्रों में डाक्टर की उपस्थिति, एंबुलेंस की व्यवस्था के साथ डाक्टर एवं स्टाफ की भी ड्यूटी के निर्देश हैं।

### डरावनी हार्न लगाने पर होगी कार्यवाही

बैठक में अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक अभिषेक झा ने कहा कि शराब पीकर वाहन चलाने वाले, वाहनों में सामान्य हार्न की बजाय भद्दी और डरावनी हार्न लगाने वाले, डरावनी नकाब में घूमने वाले, लापरवाहीपूर्वक वाहन चलाने वाले, तीन सवारी तथा सड़कों पर फर्राटे भरने वालों के विरूद्ध पुलिस विभाग द्वारा कड़ी कार्यवाही की जाएगी। होली के अवसर पर पुलिस की लगातार पेट्रोलिंग चलेगी।

## उपमुख्यमंत्री ने कहा- इलेक्टोरल बांड कालेधन रोकने का माध्यम

# साव ने गिनाई पीएम मोदी के सौ दिन की उपलब्धियां

हरिभूमि न्यूज ▶▶|दुर्ग

छत्तीसगढ़ के मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय के नेतृत्व वाली भाजपा सरकार ने गुरुवार को 100 दिनों का कार्यकाल पूर्ण किया। इस अवसर पर जिला भाजपा कार्यालय पहुंचे उप मुख्यमंत्री अरुण साव द्वारा राज्य सरकार के 100 दिनों के कामकाज का लेखा-जोखा पेश किया गया। श्री साव ने कहा कि, राज्य सरकार के कार्यों से छत्तीसगढ़वासियों में नई उम्मीदें और विश्वास जगा है।

मोदी की सभी बड़ी गारंटी पूरी कर दी गई है। अल्प समय के कार्यकाल में देश के किसी भी राज्य सरकार ने ऐसी उपलब्धि हासिल नहीं की है। जिससे छत्तीसगढ़ तेजी से विकास की दिशा में आगे बढ़ रहा है। उपमुख्यमंत्री अरुण साव ने मीडिया से चर्चा में राज्य सरकार की उपलब्धियां गिनवाते हुए कहा कि, राज्य की भाजपा सरकार ने 13 दिसंबर को शपथ ग्रहण की थी और 14 दिसंबर से ही मोदी की गारंटी को पूरा करने का कार्य शुरु कर दिया था। 18 लाख आवासहीन परिवारों को आवास देने पहली केबिनेट में ही मुहर लगाई गई। जिसके लिए कुल 12,168 करोड़ रूपए का बजट में प्रावधान किया गया है। इसके अलावा प्रधानमंत्री आवास योजना के हितग्राहियों को आवास निर्माण के लिए निःशुल्क रेत भी उपलब्ध कराई जाएगी। इस दौरान विधायक गजेन्द्र यादव, विधायक ललित चंद्राकर, विधायक डोमनलाल कोर्सेवाड़ा, भाजपाध्यक्ष जितेन्द्र वर्मा, महामंत्री सुरेन्द्र कौशिक, मीडिया प्रभारी राजा महोबिया मौजूद थे।



### बकाया बोनस से लेकर तेंदुपत्ता की दी राशि

दो वर्षों के धान खरीदी की बकाया बोनस राशि 3716 करोड़ रूपए किसानों के बैंक खातों में डाले गए। महतारी वंदन योजना के तहत लगभग 655 करोड़ रूपए सीधे महिलाओं के बैंक खातों में अंतरित की गई है। हर वर्ष उन्हें 12 हजार रुपए दिए जाएँगे। कृषक उन्नति योजना के माध्यम से वादे के अनुसार किसानों से समर्थन मूल्य पर खरीदे गए धान में 19,257 रुपए प्रति एकड़ आदान सहायता राशि दी गई है। तेन्दूपता संग्राहकों के पारिश्रमिक दर को 4000 रुपए प्रति मानक से बढ़ाकर 5500 रूपए प्रति मानक बोरा दिए जाने की शुरुआत कोण्डागांव जिले से कर दी गई है।

### पीएससी के शिकायतों पर होगी जांच

छत्तीसगढ़ लोक सेवा आयोग की राज्य सेवा परीक्षा-2021 के संबंध में प्राप्त शिकायतों की विस्तृत जाँच हेतु केन्द्रीय अन्वेषण ब्यूरो को प्रकरण प्रेषित कर दिए गए है। श्री रामलला दर्शन (अयोध्या धाम) योजना लागू कर लोगों को अयोध्या धाम का दर्शन करवाया जा रहा है। नौकरी में 5 वर्ष की छूट, प्रति माह 400 यूनिट तक की विद्युत खपत पर आधे दाम पर बिजली देने के लिए बजट में 1 हजार 274 करोड़ रुपए का प्रावधान किए गए है। राष्ट्रीय शिक्षा नीति-2020 लागू करने का निर्णय लिया गया है। मीडिया से चर्चा के दौरान उपमुख्यमंत्री अरुण साव के साथ दुर्ग शहर विधायक गजेन्द्र यादव, दुर्ग ग्रामीण विधायक ललित चंद्राकर,अहिवारा विधायक डोमनलाल कोर्सेवाड़ा, जिला भाजपाध्यक्ष जितेन्द्र वर्मा, महामंत्री सुरेन्द्र कौशिक, मीडिया प्रभारी राजा महोबिया मौजूद थे।

## खबर संक्षेप



### अछोली में अवंति बाई बलिदान दिवस आयोजित

**धमधा।** रानी अवंति बाई लोधी बलिदान दिवस कार्यक्रम ग्राम अछोली में आयोजित किया गया। कार्यक्रम का शुभारंभ नांदगांव सांसद संतोष पांडे ने दीप प्रज्वलित एवं पूजा अर्चना कर किया। कार्यक्रम में पूर्व मुख्यमंत्री भूपेश बघेल, दुर्ग सांसद विजय बघेल, पूर्व विधायक कोमल जंघेल, साजा विधायक ईश्वर साहू, जिला भाजपा अध्यक्ष जितेंद्र वर्मा, लोधी समाज प्रदेश अध्यक्ष घनश्याम वर्मा, जिला लोधी समाज दुर्ग अध्यक्ष बनाऊ वर्मा के आतिथ्य में कार्यक्रम सम्पन्न हुआ। सभी अतिथियों ने समाज की एकता पर जोर दिया। साथ ही हर संभव समाज के विकास के लिये सहयोग देने का आश्वासन दिया। कर्यक्रम में दुर्ग सांसद प्रत्याशी साहू, जोहन वर्मा, केबी वर्मा, मुंगेश वर्मा, कोमल जंघेल, सोनू चंदेल, अमर जंघेल, चिता वर्मा, नारद वर्मा, संतोष वर्मा, ओमकार बघेल, रामराज वर्मा, देवराज वर्मा सहित हजारों की संख्या में लोधी समाज की महिला एवं पुरुष उपस्थित थे।

### कवि सम्मेलन में 40 कवियों ने शमां बांधा



**अंडा।** शिक्षक कला व साहित्य अकादमी छत्तीसगढ़ के तत्वावधान में शिकसा विराट कवि सम्मेलन कार्यक्रम का आयोजन संयोजक डॉ. शिवनारायण देवांगन 'आस' के संयोजन, विजय कुमार प्रधान कार्यक्रम प्रभारी की उपस्थिति एवं टीकाराम सारथी 'हसमुख' प्राचार्य चुरतेली व सलाहकार के अध्यक्षता में हुआ। कार्यक्रम का शुभारंभ सरस्वती वंदना सारिका बनसोडे सोनी व राजगीत पुष्पांजलि ठाकुर ने प्रस्तुत कर किया। सर्वप्रथम संस्थापक व संयोजक डॉ.शिवनारायण देवांगन 'आस' ने उदबोधन में कहा विराट कवि सम्मेलन आयोजित कर शिक्षक साथियों में छुपे कवि रूप को सामने लाने का प्रयास है जिसमें हम लोग सफल हो रहे है। वहीं महासचिव डॉ. बोधीराम साहू ,संगठन मंत्री राधेश्याम कंवर व कार्यक्रम प्रभारी विजय कुमार प्रधान ने उदबोधन में शिकसा के कार्यक्रम पर प्रकाश डाला।

### लोस चुनाव: भाजपा का विधानसभा स्तरीय कार्यकर्ता सम्मेलन आयोजित

# पाटन विस का बेटा विजय है, इस बार 8 लाख मतों से जिताना है: अरूण साव

हरिभूमि न्यूज ▶▶। भिलाई

लोकसभा चुनाव को देखते हुए भाजपा का विधानसभा स्तरीय कार्यकर्ता सम्मेलन का आयोजन गुरूवार को नगर पंचायत पाटन में जनपद पंचायत के सामने और सेलीब्रेशन पैलेस रिसाली नगर दुर्ग ग्रामीण विधानसभा में किया गया।

मुख्य वक्ता उप मुख्यमंत्री अरुण साव, अनुज शर्मा विधायक धरसींवा, विजय बघेल सांसद प्रत्याशी, चंदूलाल साहू लोकसभा प्रभारी, राजीव अग्रवाल सह प्रभारी, जितेंद्र वर्मा भाजपा जिलाध्यक्ष दुर्ग, महेश वर्मा भाजपा जिलाध्यक्ष भिलाई, अवधेश चंदेल लोकसभा संयोजक, प्रितपाल बेलचंदन सह संयोजक लोकसभा, दया राम साहू पूर्व विधायक, दिलीप साहू संयोजक पाटन विधानसभा शामिल रहे।

अरुण साव ने संबोधित करते हुए कहा कि पाटन विधानसभा में पूर्व मुख्यमंत्री को ऐसा घेरे की घेरा कर रख दिया कि अपना क्षेत्र को छोड़कर राजनांदगांव भागना पड़ा। विजय बघेल के साथ में लगातार हमने पांच साल सांसद में बिताए ऐसे दमदार प्रत्याशी आपके लोकसभा सांसद विजय बघेल है। हमारे देश के सबसे लोकप्रिय नेता नरेंद्र मोदी हैं। ऐसा अब तक कोई आजादी के बाद ऐसा कोई काम 10 साल में कोई नहीं किया है। जितना कि नरेंद्र मोदी ने किया है। हमारे नेता के मुकाबले में कोई नहीं है । एक-एक कार्यकर्ता संकल्पित कर ले की मुझे एक-एक बूथ में जाना है। पिछला चुनाव हम तीन लाख बीयनबे मतों से जीत दर्ज कराई थीं। पाटन विधानसभा के बेटा विजय हैं एक एक कार्यकर्ता को चुनौती है। इस बार 8 लाख मतों से जीताना है। जो मुख्यमंत्री भूपेश को चुनौती दे सकते हैं उनका हाथ मजबूत करना है। जब चार-चार मंत्रियों के रहते हुए हम 4 लाख मतों से जीत दर्ज कराई थी। इस बार तो 8 लाख से कम नहीं होना चाहिए।

**कार्यक्रम में अनेक कार्यकर्ता व नेता हुए शामिल**



#### लक्ष्य लेकर हम सभी को चलना है: सांसद बघेल

विजय बघेल ने कहा कि बहुत ही जोशिला शक्ति और सामर्थ्य के साथ प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी को फिर से प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी को बनाने तैयार है। विजय बघेल ने भी गीत प्रस्तुत करते हुए कहा पाटन विधानसभा के रतन बेटा मैं हरो गा से शुरुआत करते हुए कहा कि सबसे ज्यादा स्वतंत्रता संग्राम सेनानी पाटन विधानसभा से है। एक समय में जब मेरा विधानसभा में नाम आया तो कहा था कि गोल्लर और बछरू की लड़ाई है। ऐसा गोल्लर को नकेल कसने की जिम्मेदारी पाटन विधानसभा को मिला है। जब विपक्षी कहते हैं ईट का जवाब पत्थर से देंगे। तो मोदी कहते हैं, जब तुम ईट फेक कर मारोगे मैं नींव बना लूंगा। हमें कल क्या करना है, नहीं सोच सकते, सौ दिन का काम को पहले से बना कर चलते है वे। जो लक्ष्य को लेकर हम चल रहें हैं उस को लेकर हम सभी को चलना है।

#### एक-एक कार्यकर्ता चुनाव लड़ रहे हैं: जितेन्द्र

जितेन्द्र वर्मा ने कहा कि दुर्ग लोकसभा चुनाव में विजय बघेल नहीं नरेन्द्र मोदी और एक-एक कार्यकर्ता चुनाव लड़ रहे हैं। चंदू साहू ने कहा कि ये चुनाव देश को दिशा देने वाला चुनाव है। पीएम मोदी ने जितनी भी योजनाएं बनाई हैं कि 10 साल में गरीब ग़रीबी से मुक्ति दिलाने वाली की योजना है। वहीं अनुज शर्मा ने छत्तीसगढ़ का लोक प्रिय गाना मैं भारत माता का रतन बेटा से अपने बातों की शुरुआत की। भाजपा और कांग्रेस में क्या फर्क होता है मैं बता रहा हूं। भारत के जनता के पार्टी है भाजपा और कांग्रेस मतलब इंडियन नेशनल कांग्रेस पार्टी। भाजपा वो पार्टी है ,एक चाय बेचने वाला प्रधानमंत्री बन सकता। जब मोदी बात करते हैं तो मेरे परिवार जनों से संबोधित करते हैं।

#### यह रहे उपस्थित

इस अवसर पर राकेश पाण्डेय, खेमलाल साहू अध्यक्ष मध्य मण्डल, लोकमनी चन्द्राकर अध्यक्ष उत्तर मण्डल, लालेश्वर साहू अध्यक्ष दक्षिण मण्डल, मेहतर वर्मा, दिव्या कल्यिरी साहू जिला अध्यक्ष, राजू निषाद अध्यक्ष कुम्हारी मण्डल, प्रदेश जिला मंडल पार्टी समर्थित जिला पंचायत सदस्य जनपद व कार्यकर्ता एवं समस्त पदाधिकारीगण पाटन विधानसभा क्षेत्र उपस्थिति रहे। इसी तरह से कार्यकर्ता सम्मेलन रिसाली में भी आयोजित हुआ। जहां पूर्व केबिनेट मंत्री प्रेम प्रकाश पाण्डेय सहित पूर्व केबिनेट मंत्री रमशीला साहू, ललित चंद्राकर विधायक आदि उपस्थित थे।

# छत्तीसगढ़ कृषि कॉलेज की एनएसएस कैम्प का समापन



हरिभूमि न्यूज ▶▶। उतई

छत्तीसगढ़ कृषि महाविद्यालय धनोरा द्वारा राष्ट्रीय सेवा योजना कार्यक्रम के अंतर्गत कोड़िया में 11 से 17 मार्च तक 7 दिवसीय विशेष शिविर का आयोजन किया गया। इस शिविर में एनएसएस स्वयंसेवक ग्रामीणों के साथ मिलकर प्रतिदिन योगाभ्यास, श्रमदान, साक्षरता व मतदाता जागरूकता दीवाल लेखन, नुक्कड़ नाटक, किसान गोष्ठी, ग्राम सर्वे सहित अनेक विषय विशेषज्ञों द्वारा बौद्धिक परिचर्चा का आयोजन किया गया। बौद्धिक परिचर्चा में पूर्व स्वयंसेवक व शौर्य संगठन कोषाध्यक्ष रवि साहू ने एनएसएस के संबंध में जानकारी, जीडी रुंगटा कॉलेज के सहायक प्राध्यापक आदित्य कुमार ने जीवन कौशल व सामुदायिक विकास, इंडिया न्यूज के संवाददाता वैभव चंद्राकर ने कृषि क्षेत्र में मीडिया का योगदान विषय पर विशेष परिचर्चा का आयोजन किया गया।

■ शिविर में विशेषज्ञों द्वारा बौद्धिक परिचर्चा का आयोजन

आयोजित समापन समारोह में जिला निषाद समाज के आंकेक्षक मलेश निषाद, वेदमाता गायत्री परिवार ट्रस्ट कोड़िया प्रमुख उमेश साहू, पूर्व सरपंच राधेलाल साहू, शौर्य युवा संगठन के सचिव आदित्य भारद्वाज, छग कॉलेज एनएसएस यूनिट कार्यक्रम अधिकारी विवेक पांडेय मौजूद थे।

मलेश निषाद ने समापन समारोह को संबोधित करते हुए कहा कि जीवन में शिक्षा का विशेष महत्व है, लेकिन शिक्षा के साथ संस्कार जरूरी है। अच्छे संस्कार से ईमानदार और सामाजिक व्यक्तित्व विकसित होता है।

उमेश साहू ने स्वयंसेवकों को प्रेरित करते हुए कहा विज्ञान का अध्यात्म से जुड़ा होना निहायत ही ज़रूरी है। जो विज्ञान आध्यात्मिक नहीं होगा, विनाशकारी हो साबित हो सकता है। आज जब दुनिया को अहिंसा और शांति की बेहद ज़रूरत है, वहां आध्यात्म से जुड़ा विज्ञान मानवता के लिए हितकारी भी होगा और विकासशील भी। शौर्य संगठन सचिव आदित्य भारद्वाज ने युवाओं को समाज के प्रति जिम्मेदार बनने के लिए प्रेरित करते हुए कहा एनएसएस का एकमात्र उद्देश्य युवा छात्रों को सामुदायिक सेवा के माध्यम से अपने व्यक्तित्व को विकसित करने के लिए अनुभव प्रदान करना है।

# युवा कुर्मी समाज ने होली मिलन समारोह में प्रतिभाशाली युवाओं का किया सम्मान

हरिभूमि न्यूज ▶▶। सेलूद



पाटन राज मनवा कुर्मी समाज युवा कार्यकारिणी द्वारा जनपद के सामने बने आडिटोरियम में प्रतिभा सम्मान समारोह के साथ होली मिलन का आयोजन किया गया। जिसमें प्रतिभा सम्मान में शिक्षा के क्षेत्र में पंदर से हितेश वर्मा सहायक प्राध्यापक, कुर्मी गुंडरा से निखिल वर्मा सहायक भोमिकीविद खनिज विभाग, छत्तीसगढ़ी फिल्मी दुनिया से अभिनेता नवागांव से जागेश वर्मा, खेल के क्षेत्र में मर्रा से धीरेंद्र वर्मा अंतरराष्ट्रीय योग प्लेयर, अरसनारा से संगम वर्मा गोल्डमेडलिस्ट कराटे, फुटबाल स्टेट प्लेयर दरबार मोखली से देविका बंछोर, वाइल्डलाइफ पंछी संरक्षण एवं फोटो ग्राफी के क्षेत्र में मर्रा से राजू वर्मा, बठेना से वीडियोग्राफी एवं फोटोग्राफी काजल वर्मा, व्यापार के क्षेत्र में उतई से वर्मा बोरवेल प्रेम वर्मा, मोरध्वज वर्मा पाटन से वर्मा कपड़ा एवं जूता दुकान शरद वर्मा, पाटन से वर्मा चाय दुकान संजू वर्मा, पाटन से वर्मा वि मार्ट उमेश वर्मा, पाहंदा झा से गीतांजलि स्पोर्ट हितेश वर्मा, कृषि पशुपालन के क्षेत्र में कसही से मुकेश बंछोर, पंदर से संतोष वर्मा संजू वर्मा, गायन के क्षेत्र में खर्रा से शिल्पा वर्मा, पत्रकारिता एवं टीवी चैनल के क्षेत्र में करगा से सुभम वर्मा, खर्रा से पत्रकार टिकेंद्र वर्मा, खम्हरिया से पत्रकार प्रवीण मडरिया, सेलूद से पत्रकार बलराम वर्मा, अशोगा से पत्रकार भेद वर्मा, राजनीति समाज सेवा के क्षेत्र में देवादा से सरपंच उर्वशी वर्मा के अलावा अन्य प्रतिभावान युवक -युवतियों का सम्मान अतिथियों के द्वारा मोमेंटो भेटकर किया।

आडील ने अपने उद्बोधन में बताया कि बहुत विषम परिस्थिति में संघर्ष कर जो उच्च मुकाम हासिल किए हैं ऐसे बच्चो के सम्मान के साथ उनके माता पिता का सम्मान किया किया गया। इस कार्यक्रम का उद्देश्य प्रतिभा को सामने लाने के साथ-साथ अन्य युवकों को उत्साहित करने का प्रयास है, क्योंकि मां बाप बहुत कष्ट सहकर अपनी इच्छाओं को त्याग कर अपने बच्चो के सपनों को पूरा करने अपनी सारी ऊर्जा लगा देते हैं। ये कार्यक्रम सम्मान समारोह के साथ मोटिवेशनल है हर छेत्र में युवा अपनी अलग छाप छोड़ सकते है और अपनी जीवन शैली बदल सकते हैं।

# होली त्योहार में सद्भाव बनाने शांति समिति के साथ पुलिस ने किया मंथन

हरिभूमि न्यूज ▶▶। अंडा



■ बैठक में अंडा थाना क्षेत्र के 19 ग्राम पंचायत के सरपंच व जनप्रतिनिधि हुए शामिल

अंडा थाना में होली त्योहार को लेकर शांतिपूर्ण मनाए जाने को लेकर जिला प्रशासन द्वारा जारी किए गए आदेशों के अनुपालन से रोकथाम के उपायों को लेकर थाना अंडा में शांति समिति की बैठक की गई। बैठक में होली पर्व को शांति पूर्वक मनाने के लिए आने वाले सभी गांवों के सरपंचों को थाना अंडा में शांति बैठक के लिए बुलाया गया था। जिसमें अंडा, चिंगरी, विनायकपुर, आमटी, मासाभाठ, निकुम, तिरगा, झोला, रुदा, खाड़ा, भोथली, आलबरस, जजंगिरी, कुथरेल, अछोटी, भानपुरी, मतवारी, चिरपोटी सभी गांवो के सरपंच इस शांति समिति की बैठक में शामिल हुए। थाना प्रभारी श्रध्दा पाठक ने कहा कि दुर्ग कलेक्टर का आदेश का पालन करे। होली पर्व अच्छे से मनाए, खास तौर पर आगामी त्योहार को शांति व भाइचारे के साथ मनाने पर जोर दिया गया।

होली के पहले सभी लोग अपने अपने गांव में ग्रामीण बैठक करके होली को शांति पूर्व खेले और किसी के ऊपर रंग गुलाल जबरदस्ती ना लगाये। गाड़ी पर तीन सवारी नही चले। मुखौटे का उपयोग न करें, ध्वनी वाले वस्तु को भी दूर रखें। किसी भी प्रकार का कोई भी घटना अगर होता है तो तत्काल पुलिस को कॉल करे। बैठक में प्रमुख रूप से अंडा सरपंच उमादेवी चन्द्राकर, उपसरपंच अमित चंद्राकर, रिसामा सरपंच गीता बैकुंट महानंद,जंजगिरी सरपंच रेखा अजय चतुर्वेदी, कुथरेल सरपंच प्रेरणा राजश्री प्रदीप चन्द्राकर, उप सरपंच लोमेश चंद्राकर, चिंगरी सरपंच पुष्पा देशमुख, आमटी सरपंच घनश्याम साहू, आलबरस सरपंच आशा देशमुख, निकुम सरपंच मुक्ति सुधाकर, तिरगा सरपंच घसिया राम देशमुख उपस्थित थे।

# कला एवं संस्कृति के क्षेत्रीय कलाकारों का किया सम्मान

हरिभूमि न्यूज ▶▶। कुम्हारी

निकटवर्ती ग्राम मगरघटा में संस्कृति मंत्रालय, भारत सरकार, नई दिल्ली के अंतर्गत आने वाले ललित कला अकादमी की स्थानीय इकाई भिलाई द्वारा पारस होम में कला एवं संस्कृति के क्षेत्रीय प्रसिद्ध कलाकारों का सम्मान किया गया । इस आयोजन में गुंजन शर्मा की पेंटिंग प्रदर्शनी लगाई गई एवं उन्हें ललित कला अकादमी एवं संस्कृति मंत्रालय, भारत सरकार नई दिल्ली के छत्तीसगढ़ से प्रथम बोर्ड सदस्य डॉ. अंकुश कुमार देवांगन द्वारा राष्ट्रीय कला साधक सम्मान से सम्मानित किया गया । राष्ट्रपति पुरस्कृत पूर्व शिक्षक परसराम साहू द्वारा प्राप्त जानकारी के अनुसार ललित कला अकादमी के कलाकारों को सर्वप्रथम जैन तीर्थस्थल कैवल्य धाम कुम्हारी का भ्रमण कराया गया तत्पश्चात पारस होम में 11बजे से टाक शो आयोजित किया गया ।



■ तीर्थस्थल कैवल्य धाम कुम्हारी का कराया गया भ्रमण

कार्यक्रम के मुख्य अतिथि अशोक बजाज, पूर्व जिला पंचायत अध्यक्ष रायपुर की उपस्थिति में कार्यक्रम का शुभारंभ किया गया। इस अवसर पर विशिष्ट अतिथि श्याम वर्मा, वरिष्ठ प्रसारक आकाश वाणी रायपुर, विशेष अतिथि डॉ. सोनाली चक्रवर्ती, संचालिका स्वयंसिद्धा फाउंडेशन, डॉ नेल्सन एवं छत्तीसगढ़ के जाने -माने चित्रकार हरि सेन उपस्थित रहे । उपस्थित कलाकारों को संबोधित करते हुए मुख्य अतिथि ने कला एवं संस्कृति के महत्व को रेखांकित करते हुए कहा कि यह आयोजन कला और कलाकारों की अपनी करिश्माई कलात्मकता से अर्जित उपलब्धि पर सम्मानित किए जाने के लिए है जो सभी को नई ऊर्जा देगा ऐसा विश्वास है । ये कलाकार जीवन के प्रत्येक क्षणों को कैनवास में जीवन्त उकेर कर एक नए आयाम की अनुभूति प्रदान करते हैं । उन्होंने रेडियो के सम्बन्ध में कहा कि आज जब टीवी, इन्टरनेट और मोबाइल का युग है ऐसे समय में भी रेडियो की लोकप्रियता बनी हुई है यह बड़ी बात है । मन की बात प्रधान मंत्री नरेन्द्र मोदी ने रेडियो के माध्यम से प्रारम्भ कर लोकप्रियता को और अधिक ऊंचाई पर पहुंचा दिया है ।

# पतोरा में फिकल स्लज ट्रीटमेंट प्लांट का किया अवलोकन

हरिभूमि न्यूज ▶▶। सेलूद



■ तकनीकी पहलुओं व कार्यप्रणाली के संबंध में जानकारी दी गई

मिशन संचालक, राज्य स्वच्छ भारत मिशन ग्रामीण चंदन त्रिपाठी द्वारा ग्राम पंचायत पतोरा, जनपद पंचायत पाटन का क्षेत्रीय भ्रमण किया गया। क्षेत्रीय भ्रमण के दौरान ग्राम पंचायत में निर्मित फिकल स्लज ट्रिटमेंट प्लांट के अवलोकन किया गया। मनोज बनिक, तकनीकी समन्वयक वाटरएड के द्वारा फिकल स्लज ट्रिटमेंट प्लांट के निर्माण की तकनीकी पहलुओं व कार्यप्रणाली के संबंध में जानकारी दी गई। मिशन संचालक द्वारा फिकल स्लज ट्रिटमेंट प्लांट के सफल संचालन एवं क्रियान्वयन की सराहना की गई। मिशन संचालक द्वारा ग्राम में निर्मित सेग्रीगेशन वर्कशेड, मॉडल सोख्ता गड्ढा, मैजिकपिट, त्री-स्तरीय जल शुद्धिकरण इकाई, सामुदायिक शौचालय आदि का भी अवलोकन किया गया। ग्राम में कार्यरत सरस्वती दीदी स्व-सहायता समूह की दीदियों से मिलकर घर-घर कचरा एकत्रीकरण एवं ग्राम के सार्वजनिक स्थलों में साफ-सफाई बनाए रखने हेतु ग्राम पंचायत पतोरा में किये जा रहे कार्यों की जानकारी ली गई। भ्रमण के दौरान मुकेश कोठारी, मुख्य कार्यपालन अधिकारी, जनपद पंचायत पाटन, अंजीता गोपेश साहू सरपंच, राजेश तांडेकर, जिला सलाहकार, नीलमणी चंदेल, विकासखंड समन्वयक, नरेश राम साहू, संकुल समन्वयक उपस्थित रहे।

### बेहतर तालीम और शिक्षिका की मेहनत रंग लाई

# सैनिक स्कूल में जजंगिरी के चार बच्चों का हुआ चयन

हरिभूमि न्यूज ▶▶। कुम्हारी



स्वामी आत्मानंद इंग्लिश मीडियम स्कूल जंजगिरी के चार छात्र-छात्राओं रुचि साहू, नितिन साहू, नितेश साहू एवं हिमांशु साहू का चयन कक्षा 9 के लिए सैनिक स्कूल अंबिकापुर में हुआ है। इन छात्र-छात्राओं ने यह सिद्ध कर दिया कि अगर व्यक्ति के अंदर प्रतिभा और लगन है तो उसे आगे बढ़ने से कोई रोक नहीं सकता। यहां तक की गरीबी भी उनके राह में बाधा नहीं बन सकती । इन बच्चों की तैयारी करने वाली मेंटोर शिक्षिका अंजना सिंह ने बताया कि उनके चारों विद्यार्थी जिनका चयन सैनिक स्कूल की लिखित परीक्षा में हुआ हैं, वे सभी आर्थिक रूप से बेहद ही कमज़ोर हैं और यहां तक पहुंचने में टीचर के मार्गदर्शन के साथ उनकी स्वयं की मेहनत और लगन का बहुत बड़ा योगदान है। आज समाज के उन सभी लोगों को इन बच्चों से सीख लेने की आवश्यकता है जो शासकीय स्कूलों को कमतर आंकते हैं। यह धारणा बन चुकी है कि शासकीय स्कूलों में ठीक से पढ़ाई ही नहीं होती लेकिन इन बच्चो ने अपनी कड़ी मेहनत से इस धारणा को गलत सिद्ध किया है। उन्होंने बताया कि उनके चारों ही विद्यार्थी बहुत ही साधारण परिवारों से आते हैं। रुचि साहू के बारे में उन्होंने बताया कि एक लड़की के सैनिक स्कूल में चयनित होने से वह स्वयं को बहुत ही गौरवान्वित महसूस कर रही है। रुचि साहू ,पिता मोहन साहू एवं माता जयश्री साहू की 3 पुत्रियों में से बडी पुत्री है। उसकी माता एक सामान्य ग्रहणी एवं पिता कृषि मजदूर है। जो किसी तरह अपने परिवार का पालन पोषण कर रहे हैं। ऐसे में रुचि का सैनिक स्कूल में चयन उनके लिए हर्ष के साथ-साथ चिंता का भी विषय है क्योंकि सैनिक स्कूल की फीस काफी ज्यादा होती है। दूसरे छात्र नितिन साहू के पिता बलदेव साहू पेशे से एक मिस्त्री है और लोगों के घर बनाने का कार्य करते हैं। उसकी माता सुशीला साहू भी सामान्य गृहणी हैं। तीसरे छात्र नितेश साहू के पिता लेखराम साहू सरकारी स्कूल के अध्यापक हैं और माता चुनेश्वरी साहू एक साधारण गृहिणी हैं । चौथे छात्र हिमांशु साहू के पिता कौशल साहू एक प्राइवेट फर्म में कार्य करते हैं और उनकी माता उत्तरा साहू भी एक साधारण गृहणी हैं।

इन सभी के माता-पिता ने मेंटोर शिक्षिका अंजना सिंह को इसके लिए धन्यवाद देते हुए कहा है कि उनके बच्चों की सफलता का सारा श्रेय पूरी तरह से अंजना सिंह को ही जाता है। गौरतलब है की पिछले वर्ष भी शाला से 2 विद्यार्थी सैनिक स्कूल सतारा (महाराष्ट्र) में चयनित हुए थे। इस वर्ष यह संख्या बढ़कर 4 हो गई है। इसके अलावा गत वर्ष इस स्कूल से चार बच्चे श्रेष्ठा में चयनित होकर महानगरों में शिक्षा प्राप्त कर रहे हैं वहीं खेलों में भी बच्चों ने राष्ट्रीय प्रतियोगिता में हिस्सा लेकर मेडल जीता है और स्कूल का नाम रौशन किया है।

**न्यायालय तहसीलदार दुर्ग**
**मामले की श्रेणी: राजस्व**

संदर्भ:- जिला- दुर्ग तहसील-दुर्ग प.ह.न.-00049 रिसाली ग्राम के नामांतरण पंजी में पंजीबद्ध प्रकरण क्रमांक- RD202324430104800087

**ईश्तहार**

तहसील दुर्ग के प.ह.न. 00049 के अंतर्गत ग्राम रिसाली के वर्तमान भूमिस्वामी संतोष कुमार अग्रवाल पिता कोदुलाल अग्रवाल पता-आफीस कालोनी सेक्टर 6 के द्वारा धारित भूमि खसरा क्रमांक 659/10(0.0200) में प्रस्तावित भूमिस्वामी/क्रेता दुर्गा अग्रवाल पिता/पति-स्व. संतोष कुमार अग्रवाल पता-मकान नं. 2/ए सड़क 43, सेक्टर 10 भिलाई तहसील व जिला दुर्ग छ.ग., सुहेल अग्रवाल पिता-स्व. संतोष कुमार अग्रवाल पता-मकान नं 2/ए सड़क 43 सेक्टर 10 भिलाई तहसील व जिला दुर्ग छ.ग. के नाम पर पंजीयन/फौती होने के उपरांत नामांतरण/अभिलेख दुरुस्ती/खाता विभाजन के लिए प्रकरण अधोहस्ताक्षरकर्ता के न्यायालय में पंजी विचाराधीन है। इस प्रकरण की सुनवाई दिनांक 27/03/2024 को समय सुबह 11 बजे स्थान न्यायालय तहसीलदार दुर्ग पर की जावेगी।

उपरोक्त के संबंध में जिस किसी भी व्यक्ति/संस्था को कोई दावा आपत्ति हो तो ईश्तहार प्रकाशन उपरांत प्रकरण की आगामी सुनवाई के पूर्व या सुनवाई के समय अपना दावा आपत्ति स्वयं/अधिवक्ता/आममुख्त्यार के माध्यम से पेश कर सकते है। प्रकरण के सुनवाई के लिए निर्धारित तिथि के उपरांत प्राप्त दावा आपत्ति पर कोई विचार नहीं किया जावेगा।

यह ईश्तहार मेरे हस्ताक्षर एवं पदमुद्रा से आज दिनांक 12/03/2024 को जारी किया जाता है।

PRAFULL KUMAR GUPTA
तहसीलदार दुर्ग (छ.ग.)

**न्यायालय तहसीलदार दुर्ग**
**मामले की श्रेणी: राजस्व**

संदर्भ:- जिला- दुर्ग तहसील-दुर्ग प.ह.न.-00039 बोरसी ग्राम के नामांतरण पंजी में पंजीबद्ध प्रकरण क्रमांक- RD202324430104700083

**ईश्तहार**

तहसील दुर्ग के प.ह.न. 00039 के अंतर्गत ग्राम बोरसी के वर्तमान भूमिस्वामी संतोष कुमार अग्रवाल पिता स्व. कोदूलाल अग्रवाल पता-डाकतार कालोनी से. 6 के द्वारा धारित भूमि खसरा क्रमांक 53/11 (0.0200) में प्रस्तावित भूमिस्वामी/क्रेता सुहेल अग्रवाल पिता स्व. संतोष कुमार अग्रवाल पता-सेक्टर-10, भिलाई, श्रीमती दुर्गा अग्रवाल पिता/पति -स्व.संतोष कुमार अग्रबाल पता-सेक्टर 10 भिलाई, के नाम पर पंजीयन/फौती होने के उपरांत नामांतरण / अभिलेख दुरुस्ती / खाता विभाजन के लिए प्रकरण अधोहस्ताक्षरकर्ता के न्यायालय में पंजी विचाराधीन है। इस प्रकरण की सुनवाई दिनांक 29/03/2024 को समय सुबह 11 बजे स्थान न्यायालय तहसीलदार दुर्ग पर की जावेगी।

उपरोक्त के संबंध में जिस किसी भी व्यक्ति/संस्था को कोई दावा आपत्ति हो तो ईश्तहार प्रकाशन उपरांत प्रकरण की आगामी सुनवाई के पूर्व या सुनवाई के समय अपना दावा आपत्ति स्वयं / अधिवक्ता / आममुख्त्यार के माध्यम से पेश कर सकते है। प्रकरण के सुनवाई के लिए निर्धारित तिथि के उपरांत प्राप्त दावा आपत्ति पर कोई, विचार नहीं किया जावेगा।

यह ईश्तहार मेरे हस्ताक्षर एवं पदमुद्रा से आज दिनांक 15/03/2024 को जारी किया जाता है।

PRAFULL KUMAR GUPTA
तहसीलदार दुर्ग (छ.ग.)

**पुत्र रोशन सोनी आ. विजय कुमार सोनी को बेदखल किये जाने की आमसूचना प्रपत्र**

हम मनोरमा सोनी पति विजय कुमार सोनी एवं विजय कुमार सोनी पिता स्व. विश्व मोहन दयाल दोनो निवासी मकान नंबर-02, सड़क नंबर-01, सेवनडेज स्कूल के पास, वार्ड नंबर-15, शांतिनगर, भिलाई, तह. व जिला-दुर्ग (छ.ग.) के निवासी है, हम अपने पुत्र रोशन सोनी से अत्याधिक परेशान क्योंकि उसने हमारी इच्छा के विरुद्ध प्रेम विवाह कर लिया है और वह अपनी पत्नी श्रीमती दीपा प्रसाद की बातो में आकर हमसे वाद-विवाद करता है तथा हमसे सम्पत्ति हिस्से की मांग करता है इसलिये हम उसे अपनी चल एवं अचल सम्पत्ति से बेदखल करने की आम सूचना प्रपत्र जारी कर रहे है:- हमारी दो संतान है, जिसमें रोशन सोनी हमारा छोटा पुत्र है, जो अपनी मर्जी से काम करता है, और विवाह उपरांत हमसे पृथक निवास कर हमसे कोई रिश्ता नही रखता है और ना ही हमारी कोई बात मानता है और उसने हमारी इच्छा के विरुद्ध एक लड़की दीपा प्रसाद से प्रेम विवाह कर लिया है, जिससे हमारी सामाजिक मान प्रतिष्ठा को ठेस पहुंची है, जिससे हमारे परिवार को आर्थिक, मानसिक एवं शारीरिक रूप से अत्याधिक परेशानी भी हो रही है। इसलिए हम अपने पुत्र रोशन सोनी से क्षुब्ध होकर उससे अपना नाता तोड़ रहे हैं तथा रोशन सोनी का हमारी स्वअर्जित चल अचल सम्पत्ति पर कोई हक व अधिकार नहीं होगा तथा हम अपने पुत्र रोशन सोनी को अपनी चल एवं अचल सम्पत्ति से बेदखल कर रहे है और हमारे सभी पारिवारिक सदस्यों ने रोशन सोनी से रिश्ता नाता तोड़ लिया है और अब हमारा अपने पुत्र से कोई संबंध नहीं हैं। यदि रोशन सोनी से कोई भी व्यक्ति द्वारा किसी प्रकार का कोई लेनदेन खरीद-बिक्री, गिरवी या कोई भी व्यवहार, इकरार किया जाता है तो उसकी पूर्ण जवाबदारी रोशन सोनी की या उस व्यक्ति की होगी, जो उससे व्यवहार करेगा जिसमें हमारे परिवार के सदस्यो का कोई सरोकर एवं जवाबदारी नहीं होगी। उक्त सूचना प्रपत्र अधिवक्ता श्री अजीत सिंह राजपूत से तैयार करवाकर, पढ़कर, पढ़वाकर समझकर पूरे होशो हवास में अपनी मर्जी से बिना किसी डर, दबाव के आज दिनांक- 21.03.2024 को गवाह स्वरूप प्रारूपकर्ता अजीत सिंह राजपूत अधिवक्ता के समक्ष हस्ताक्षर कर आम सूचना हेतु उक्त प्रपत्र जारी कर दिया।

स्थान-दुर्ग (छ.ग.)
दिनांक-21.03.2024

प्रारूपकर्ता
अजीत सिंह राजपूत
अधिवक्ता जिला न्यायालय दुर्ग

बेदखलाकर्ता
मनोरमा सोनी
विजय कुमार सोनी

## खबर संक्षेप

### यूआरएम के कर्मचारियों हुए सम्मानित

**भिलाई।** भिलाई इस्पात संयंत्र द्वारा यूआरएम और आरएसएम के कर्मचारियों को उत्कृष्ट प्रदर्शन के लिए सम्मानित किया गया। मुख्य अतिथि मुख्य महाप्रबंधक अनीश सेनगुप्ता थे। सम्मानित कर्मचारियों में ओसीटी संज्योती तिर्की,किशोर सिंह, एसीटी शिवराम यादव, वरिष्ठ प्रबंधक महेंद्र कुमार गुलाटी, एसीटी किशोर बाबू, एजीएम के सुरेश कुमार, ओसीटी विनोद कुमार रजक, प्रबंधक विपिन कुमार मौर्या डी और ओसीटी नागमणि कुमार शामिल हैं। मुख्य अतिथि ने सभी को प्रशस्तिपत्र देकर सम्मानित किया ।

### कोलिहापुरी मे कांग्रेस कार्यकर्ता बैठक सम्पन्न

**अंडा।** दुर्ग लोकसभा चुनावी की तैयारी को लेकर कॉंग्रेस के दूर्ग ग्रामीण व ब्लाक 6 की बैठक 36 पोर्ट कोलीहापुरी मे आयोजित की गई है। बैठक में पूर्व गृह मंत्री ताम्रध्वज साहू , दुर्ग लोकसभा के कॉंग्रेस प्रत्याशी राजेन्द्र साहू विशेष रूप से शामिल हुए। इस अवसर पर पीसीसी महासचिव जितेंद साहू जिला पंचायत दूर्ग की अध्यक्ष पुष्पा यादव, नगर पॉलिक निगम रिसाली की महापौर शशि सिन्हा,सभापति केशव बंछोर,दूर्ग जनपद अध्यक्ष देवेंद्र देशमुख,जनपद उपाध्यक्ष झमित गायकवाड़,जिला पंचायत सदस्य योगिता चन्दाकर, लक्ष्मी साहू, ब्लॉक कांग्रेस कमेटी दूर्ग ग्रामीण के अध्यक्ष प्रदीप चंद्राकर ,ब्लाक अध्यक्ष मुकुंद भाउ,सरपंच संघ के अध्यक्ष मुकुंद पारकर, केशव बंटी हरमुख,नँद कुमार सेन, टिकेस्वरी देशमुख, तारकेस्वर चन्द्राकर मुंन्ना, चूम्मन देशमुख,नँद कुमार साहु, सनीर साहू, चन्दभान ठाक़ुर, गोबिंद चतुर्वेदी,सोनू सिह,भीष्म हिरवानी, दिवाकर गायकवाड़, डा पिलेश्वर साहू,जामवंत गजपाल, प्रशांत पाण्डेय, अशोक सिन्हा, राजकुमार देशमुख, सहित अन्य कॉंग्रेस नेता व कार्यकर्ता उपस्थित थे। पूर्व जिला पंचायत सदस्य केशव बंटी हरमुख, ने कहा की जिन लोगो ने विधानसभा चुनाव में कॉंग्रेस प्रत्याशी के खिलाफ काम किया है।इनको लोकसभा चुनाव में सांमने रख कर कार्य न ले । नगर पंचायत उतई के अध्यक्ष डिकेन्द्र हिरवानी ने कहा की सोसल मीडिया में हम पिछड जाते है। इस चुनाव मे हम सब स्वयम राजेन्द साहु समझकर कार्य करें।पार्टी के आदेश के अनुरूप कार्य करना है। सरपंच संघ के पूर्व अध्यक्ष रिवेंद्र यादव ने कहा कि हमको जो विधानसभा मे मेहनत करना है।

# मैत्रीबाग में गूंजेगी जंगल सफारी की सफेद शेरनी की दहाड़

## वाइट टाइग्रेस सहित पांच जानवरों से जू की बढ़ेगी रौनक

हरिभूमि न्यूज ▶▶|भिलाई

मैत्रीबाग चिड़ियाघर में अब लंबे समय के बाद एक और सफेद शेरनी की दहाड़ सुनाई देगी। वन्य प्राणियों की अदला बदली योजना के तहत गुरुवार को दूसरी खेप में एक वाइट टाईग्रेस लाई गई है। इसके पूर्व जंगल सफारी रायपुर से सोमवार को चार वन्य प्राणी यहां लाए गए थे।

वन्य प्राणियों के विनिमय के अंतर्गत आज जंगल सफाई रायपुर से आज यहां एक सफेद शेरनी यहां लाई गई। वन विभाग के साथ जंगल सफारी के कर्मचारियों की निगरानी में लाई गई वाइट टाइग्रेस को मैत्रीबाग जू को सौंपा गया। बीएसपी के कार्यपालक निदेशक पवन कुमार और अंजनी कुमार की उपस्थिति में कर्मियो ने सफेद शेरनी को वाइट टाइगर के बाड़े में छोड़ा। इस अवसर पर सीजीएम जेवाय सपकाले, जीएम प्रभारी एच शेखर, मैत्रीबाग प्रभारी डीजीएम डां. एनके जैन, आरके गर्ग, राजेश कुमार, ललित, आरिफ, योगेश चंद्राकर व प्रेम कुमार उपस्थित थे। यहां 3 नर व 3 मादा शेर हैं। इनके अलावा तीन शावक हैं। इसके पूर्व 17 मार्च को यहां दो मादा व दो बार्किंग डियर और चार सेही लाए गए थे। इसके एवज में दो सियार व एक सफेद शेरनी रक्षा जंगल सफारी को दी गई है। अब सफेद शेरों की संख्या नौ हो गई है।





### जंगल सफारी में भी बढ़ेगा सफेद शेरों का कुनबा

मैत्रीबाग में छह साल बाद आए नए जानवरों से जहां रौनक थोड़ी बढ़ जाएगी वहीं यहां से जंगल सफारी भेजी गई सफेद शेरनी रक्षा से इस नस्ल का कुनबा बढ़ने के आसार हैं।जंगल सफारी रायपुर में सफेद शेरों की संतति नहीं बढ़ पा रही है। इस देखते हुए मैत्रीबाग से मादा शेर की अदला बदली की गई है। उल्लेखनीय है कि देश में मैत्रीबाग को सफेद शेरों की नर्सरी के लिए प्रसिद्ध है। अनुकूल वातावरण, बेहतर रखरखाव के चलते सर्वाधिक सफेद शेर यहां हैं। देश के कई चिड़ियाघरों में दर्जनभर से अधिक सफेद शेर भेजे जा चुके हैं।

## विडंबना: वर्षों से गैर उत्पादन कार्यों में दे रहीं योगदान

# बीएसपी में उपेक्षा का दंश झेल रहीं सैकड़ों महिला मजदूर, पुरुषों से है कम वेतन

हरिभूमि न्यूज ▶▶|भिलाई

सेल के सिरमौर भिलाई इस्पात संयंत्र में नियमित कार्मिकों के साथ मातृशक्ति के रुप में जाने जाने वालीं महिला ठेका मजदूरों का बड़ा योगदान है। अल्प वेतन और सुविधाओं में टाउनशिप के अस्पतालों और दफ्तरों को नीट एंड क्लीन बनाने में महती भूमिका निभाने वालीं महिला श्रमिकों की भागीदारी कुल मेन पावर में एक फीसदी से अधिक है। बावजूद इसके वर्षों बाद भी इन महतारियों को अपनी तकदीर बदलने का इंतजार है।

बीएसपी में काम करने वाले ठेका मजदूरों में महिलाओं को एक बड़ा हिस्सा है। यहां कुल ठेका मजदूरों की संख्या करीबन बीस हजार है। इनमें डेढ़ से दो हजार महिला मजदूर काम करते हैं। अधिकतर महिलाएं क्लीनिंग ( साफ सफाई) का काम कर रही हैं। प्लांट के अंदर दफ्तरों के साथ इस्पात भवन के साथ मेडिकल और शिक्षा विभाग में यानी जेएनएल हास्पिटल सहित हेल्थ सेंटर और टाउनशिप के बीएसपी दफ्तरों में साफ सफाई के कार्य में लगाई गई हैं। प्लांट के अंदर रेजा व हमाली का काम भी कर रही हैं। साहबों के दफ्तरों को चकाचक करने व पानी पिलाने तथा फाइल आदि लाने ले जाने का काम भी करती हैं। सेक्टर 9 में अटेंडेंट व सफाई कर्मियों के रुप में सेवा व नीट एंड क्लीन बनाने में उनकी बड़ी भूमिका है। पिछले चालीस पचास साल से बीएसपी में पसीना बहाते हुए बीएसपी व टाउनशिप की तस्वीर बदलने में अपने पुरुष मजदूर के साथ कंधे से कंधा मिलाकर योगदान दे रही हैं। लेकिन इतने सालों बाद भी उनका जीवन स्तर ऊंचा उठना तो दूर हालत बद से बदतर होती जा रही है। इसकी वजह इन पुरुष श्रमिकों की तरह सैकड़ों महिला मजदूरों को भी अल्प वेतन व सुविधाओं में काम करने मजबूर होना पड़ रहा है। तंगहाली व बदहाली के चलते महिला मजदूरों को परिवार चलाना मुशिकल मुश्किल हो रहा है।

### डेढ़ हजार मजदूर प्लांट व टाउनशिप में हैं कार्यरत





### पुरुषों से कम वेतन

महिला मजदूरों का इतना अधिक शोषण है कि उन्हें ठेकेदार समान काम के बाद भी पुरुषों से पांच सौ रुपए वेतन कम देते हैं। अपरिहार्य छुट्टियों का भी वेतन काट लेते हैं। महिला मजदूरों ने बताया कि सरकार ने न्यूनतम मजदूरी निर्धारित कर रखी है, लेकिन इससे कम वेतन दिया जा रहा है। कोई भत्ता दिया जाता है और न ही पूरी बोनस आदि सहुलियतें दी जाती हैं। अल्प वेतन के चलते परिवार चलाना मुश्किल हो रहा है। सैकड़ों महिलाएं ऐसी हैं जो अपने परिवार की एकमात्र कमाने वाली हैं। पूरा वेतन मांगने या धरना प्रदर्शन में शामिल होने पर ठेकेदार काम से निकालने की चेतावनी देते हैं। महिलाओं ने बताया कि हमें कहा तो जाता है मातृशक्ति लेकिन लेकिन सच्चाई उलट है। स्थिति बदलने ठेकेदार व बीएसपी उदासीन हैं।

### नाइट शिफ्ट की तलवार

महिला मजदूरों पर आने वाले समय में रात में भी काम करने की तलवार लटक रही है। इससे उन्हें घर पर अपने बच्चों की देखभाल व सुरक्षा के साथ ड्यूटी और रास्ते में अपनी सुरक्षा की चिंता बढ़ जाएगी। यूनियनों के मुताबिक केंद्र सरकार द्वारा चार संशोधित लेबर कोड कानून में महिला वर्कर्स के लिए नाईट ड्यूटी अनिवार्य किए जाने का भी प्रावधान है। लोकसभा चुनाव के बाद इस कानून के लागू होने की पुरजोर संभावना है। नाइट शिफ्ट ड्यूटी के लागू हो जाने की स्थिति में महिलाओं की स्थिति और भी बदतर हो जाएगी। महिला श्रमिकों ने बताया कि प्रबंधन व सरकार दोनों को हमें नियमित कर्मियों की तरह वेतन व सुविधाएं दिए जाने से ही स्थिति में बदलाव आएगा।

# बच्चों को ममत्व और स्नेहपूर्वक भोजन प्रदान करें : डीईओ





हरिभूमि न्यूज ▶▶|उतई

राज्य शासन के निर्देशानुसार विकासखण्ड दुर्ग में विवेकानंद ऑडिटोरियम दुर्ग में विकासखण्ड स्तरीय रसोइया प्रशिक्षण आयोजित किया गया । इस प्रशिक्षण की शुभारंभ करते हुए जिला शिक्षा अधिकारी अरविन्द मिश्रा ने कहा कि आप अपने घर पर जिस ममत्व और स्नेह के साथ अपने बच्चों के लिए भोजन बनाते हैं, उसी स्नेह के साथ हमारे स्कूल के बच्चों के लिए भी भोजन बनावें। गोविंद साव विकास खण्ड शिक्षा अधिकारी दुर्ग ने नव पदस्थ जिला शिक्षा अधिकारी अरविन्द मिश्रा के स्वागत किया । उन्होंने मध्याह्न भोजन बनाने के दौरान स्वच्छता एवं सावधानी हेतु विशेष सुझाव दिया एवं रसोइया की समस्याएं सुनकर जल्द ही निराकरण करने आश्वासन दिया। प्रशिक्षण में विशेष रूप से उपस्थित दुर्ग शहर की फूड इंस्पेक्टर रेणुका जांगड़े ने कहा कि मध्याह्न भोजन संबंधित विभिन्न मुद्दों पर विस्तृत चर्चा की तथा समिति या राशन दुकान द्वारा प्राप्त अनाज में किसी भी प्रकार की गड़बड़ी होने पर सूचना देने की बात कही । इस प्रशिक्षण के मास्टर ट्रेनर्स नीलिमा श्रीवास्तव एवं नन्दा देशमुख ने बिन्दुवार विभिन्न जानकारियों को विस्तृत चर्चा की । इस कार्यक्रम में लेखाधिकारी राजेश ओझा, प्राचार्य सेजेश रिसाली धीर सर, प्रधान पाठक सरिता खरे, शिक्षक पोषण मारकण्डे, रणधीर पाण्डेय , कनिका हरपाल, संकुल समन्वयक असीम तिवारी, संजय चन्द्राकर, हरीश देवांगन, नवीन भारद्वाज, प्रीति पंसारी, किशोर दिल्लीवार, नीलू महिकवार, प्रणव मण्डरिक, कमल वैष्णव, सुमन प्रधान एवं प्रत्येक स्कूल के रसोइया उपस्थित रहे ।

■ विकासखण्ड स्तरीय रसोइया प्रशिक्षण आयोजित

# केंद्रीय कर्मचारियों और पेंशनरों को मिलेगा चिकित्सा सुविधा का लाभ

हरिभूमि न्यूज ▶▶|भिलाई

औद्योगिक नगरी भिलाई में सीजीएचएस (सेंट्रल गवर्नमेंट हेल्थ स्कीम ) का कार्याल खुल जाने से कर्मचारियों और सेवानिवृत्तों का लाभ मिलेगा। चुनाव के बाद दफ्तर खोले जाने की प्रक्रिया के तेज होने की संभावना है।

गौरतलब हो कि महीनेभर पूर्व दिल्ली से पहुंची सीजीएचएस के अधिकारीयों और डाक्टर्स की टीम ने यहां सांसद विजय बघेल के पास, भिलाई में कार्यालय खोलने की प्रक्रिया की शुरुआत की थी। यहां खोले जाने वाले आरोग्य केंद्र के बारे में रुपरेखा पर चर्चा की थी। सीजीएचएस केंद्र कैसे काम करता है और इसका किन्हें फायदा मिलेगा व दुर्ग भिलाई में क्रियान्वित करने हेतु क्या करना होगा, इसकी जानकारी दी थी। इसके बाद जेएनएल हास्पिटल के चिकित्सा अधिकारियों ने कार्यालय के लिए स्थल का मुआयना किया था। सांसद की कलेक्टर के साथ भी बैठक हुई थी।

इस योजना से केंद्र सरकार के वर्तमान कर्मचारियों और पेंशनभोगी कर्मचारियों को इलाज के लिये ना तो भटकना पडेगा और ना ही पैसे के लिये सोचना पड़ेगा , अपितु अब अच्छे से अच्छे अस्पताल में उनका इलाज संभव हो पायेगा । कर्मियों को अस्पताल का बिल या फिर महंगी दवा, इसके लिए अपनी जेब से खर्च नहीं करना पड़ेगा।

■ भिलाई में सीजीएचएस का कार्यालय खुलने की प्रक्रिया होगी तेज

### प्राइवेट अस्पतालों में होगा फ्री इलाज

यह स्वास्थ्य योजना, केन्द्र सरकार के स्वास्थ्य एवं परिवार कल्याण विभाग की एक महत्वाकांक्षी योजना है । बीडब्ल्यूयू के अध्यक्ष उज्जवल दत्ता ने बताया कि केंद्रीय कर्मियों को जिंदगीभर नहीं देना पड़ता है अस्पताल का खर्चा । इस योजना के तहत केंद्र के करोड़ों कर्मचारी और उनके परिवार का मुफ्त में बेहतर इलाज उच्च कोटि के निजी अस्पतालों में हो पायेगा। योजना केंद्र सरकार के कर्मचारियों, पेंशनभोगियों और उनके आश्रित परिवार के सदस्यों के लिए है। इस योजना के तहत प्राइवेट अस्पतालों से मुफ्त इलाज करवाया जा सकता है ऐसे अस्पताल जो सीजीएचएस से जुड़े हैं।

# पाटन राज मनवा कुर्मी समाज में नाम वापसी के बाद दो प्रत्याशी बचे मैदान में



हरिभूमि न्यूज ▶▶|सेलूद

छग मनवा कुर्मी क्षत्रिय समाज पाटन राज में राज प्रधान चुनाव के लिए जारी अधिसूचना के तहत 20 मार्च को केंद्रीय चुनाव अधिकारी छग मकुस समाज खोडस राम कश्यप, सहाय निर्वाचन अधिकारी मोती लाल वर्मा, राम खिलावन वर्मा, केदार कश्यप की उपस्थिति कार्यवाहक राज प्रधान ओम प्रकाश वर्मा की उपस्थिति में पाटन राज के राज प्रधान पद के लिए चार प्रत्याशी ने अपना नामांकन जमा किया था जो स्कुटनी के बाद वैध पाया गया था। वैध नामांकन सूची में युगल किशोर आडिल तारेन्द्र बंछोर, रुपेन्द्र वर्मा, भागवत प्रसाद वर्मा नाम शामिल था। नाम वापसी में तारेन्द्र बंछोर और भागवत प्रसाद वर्मा ने अपना नामांकन वापस ले लिया । अब पाटन राज राजप्रधान चुनाव के लिए कुर्मीगुंडरा निवासी युगल किशोर आडिल व रवेली निवासी रुपेन्द्र वर्मा के बीच चुनाव होगा। यह जानकारी समाज के वरिष्ठ केदार कश्यप ने दिया ।

### खिलाड़ियों ने जीता स्वर्ण पदक




**कुम्हारी।** रायगढ़ में आयोजित राज्य बॉडी बिल्डिंग प्रतियोगिता में जय हनुमान व्यायाम शाला कुम्हारी के खिलाड़ियों ने दिखाया अपना दम। जय हनुमान व्यायाम शाला के खिलाड़ी देव कुमार ने 60 किलो वर्ग कैटेगरी में कांस्य पदक जीता 65 किलो वर्ग कैटेगरी में एन. साईं कार्तिक ने स्वर्ण पदक पर किया कब्जा साथ ही रनर ऑफ छत्तीसगढ़ भी रहे वही मेन फिजिक में मधुर वैष्णव ने कस्य पदक जीता। कुम्हारी में खेल और खिलाड़ियों को बढ़ावा देने के लिए कुम्हारी के टिंबर मर्चेंट और पावरलिफ्टर विकास शुक्ला ने कुम्हारी के विजेता खिलाड़ियों को 2100 रुपए नगद पुरस्कार देने की घोषणा की है साथ ही युवा उद्यमी त्रिलोक कुमार साहू ने विजेता खिलाड़ियों को 1100 रुपए नगद पुरस्कार देने की घोषणा की है। पूर्व मिस्टर छत्तीसगढ़ और जय हनुमान व्यायाम शाला के मेंटोर प्रदीप झा ने दी श्री झा ने बताया कि सीमित संसाधनों में भी हमारे खिलाड़ी राज्य और राष्ट्रीय स्तर पर बहुत अच्छा प्रदर्शन कर रहे हैं।

# सेल कहानी प्रतियोगिता के परिणाम घोषित



हरिभूमि न्यूज ▶▶|भिलाई

सेल ने सेल कहानी लेखन प्रतियोगिताके परिणाम जारी किए। प्रतियोगिता की थीम तुम, मैं और सेल थी।

हिंदी भाषा कहानी में प्रथम पूनम यादव, बर्नपुर,द्वितीय शरद कुमार वर्मा, लखनऊ व तृतीय विनीता कुमारी, बोकारो रहीं। अंग्रेजी भाषा का प्रथम पुरस्कार अद्वय सहाय, गाजियाबाद द्वितीय मिलिंद सेनगुप्ता, बर्नपुर व तृतीय विजय चंद्र तिवारी,बोकारो को मिला। सेल द्वारा विजेताओं को आकर्षक पुरस्कार और प्रमाणपत्र प्रदान किए जाएंगे। प्रकाशन सेल न्यूज में भी होगा।









हरिभूमि लाइव
रायपुर, शुक्रवार 22 मार्च 2024
Email id- haribhoomibhilai@gmail.com
0788- 4091720, Message at - 9755819129

03

रमजान में बरकरार रहेगी तंदुरुस्ती, उठाएं जरूरी कदम

लाइव इवेंट

## नारी सशक्तिकरण पर विचार किए व्यक्त, किया सम्मानित



**भिलाई।** उत्कल सांस्कृतिक महिला मंडल द्वारा श्री श्री जगन्नाथ मंदिर सेक्टर 6 में हर्षोल्लास के माहौल में महिला दिवस मनाया। इस अवसर पर विशेष अतिथि छत्तीसगढ़ चेंबर ऑफ कॉमर्स एंड इंडस्ट्रीज महिला चैंबर भिलाई अध्यक्ष सरोजनी पाणिग्रही उपस्थित थी। आयोजन के दौरान महिलाओं ने नारी सशक्तिकरण विषय पर अपने विचार व्यक्त किये। सभी ने अपने अपने क्षेत्र में कार्य कर उत्कृष्ट पहचान बनाने वाली को प्रोत्साहित करते हुए सम्मनित किया। इस अवसर पर समिती अध्यक्ष संजू साहू, सचिव अनिता मिश्रा, कोषाध्यक्ष मिनती रथ, संध्या महापात्रा, एवं नूपुर दास, रीना दास, पुष्पलता कर, विजयलक्ष्मी साहू, लक्ष्मी साहू, विजयलक्ष्मी पंडा, उर्वशी दास, कुन्नी साहू, सविता साहू, जूली साहू, जोशना मलिक, गीतांजलि साहू, नमिता साहू, पुष्पांजलि पांडा, मंजू विश्वास, लीना विश्वास, सुंदरी जेना, मंजू नाहक, अंजली पटनायक, अंजली चौधरी, रीता रथ, माधुरी चौधरी, सागरिका रथ, सुषमा साहू, मीना, करुणा राव, नमिता त्रिपाठी, कन्या राउत, पूजा मोहंती सहित ग्रुप की अन्य सदस्याएं उपस्थित थी।

- उत्कल सांस्कृतिक महिला मंडल ने किया महिला दिवस का आयोजन

### सेक्टर 4 में होली मिलन 24 को

**भिलाई।** सिंधी ब्रादर मंडल के पदाधिकारियों की बैठक संपन्न हुई। जिस बैठक में इस साल भी होली मिलन समारोह हर्षोल्लास से मनाने का निर्णय लिया गया। इस दौरान होलिका दहन, प्रसाद वितरण, फैंसी ड्रेस, होली के गीत गायन, हाउजी, पुरुस्कार वितरण, सभी सदस्यों के लिए सिंधी समाज की प्रसिद्ध मिठाई गिहर की व्यवस्था भी की जाएगी। रामकुमार, राजकुमार खटवानी, उद्धव दास दावड़ा, मनोहर मलकानी, ठाकुर साधवानी, राकेश नागदेव, हरीश आर्य, नरेश माखीजानी, दिलीप खटवानी, रमेश लालवानी, संजय होतवानी, संतोष मेहरचंदानी, सुरेश नागदेव उपस्थित थे। महिला इकाई की मंजू हेमराजानी, भावना मलकानी, मीना नागदेव, कीर्ति आर्य, आंचल गोकलानी आदि मौजूद थी।

सिटी इवेंट

## मतदाताओं को जागरूक करने निकाली वाहन रैली, दिलाई शपथ



**भिलाई।** नगर पालिक निगम भिलाई द्वारा जिला निर्वाचन अधिकारी के निर्देश पर स्वीप कार्यक्रम के तहत वाहन रैली निकालकर 7 मई को आगामी लोकसभा चुनाव में शत- प्रतिशत मतदान करने के लिए मतदाता जागरूकता अभियान चलाया और लोगो को मतदान अवश्य करने के लिए शपथ दिलाया। भिलाई निगम क्षेत्र के संतोषी पारा बैकुण्ठधाम मैदान में सैकड़ो वाहन को स्वीप अक्षर के आकार में खड़ा कर जिला प्रशासन में स्वीप के नोडल अधिकारी, जिला पंचायत सीईओ, निगम भिलाई आयुक्त देवेश कुमार ध्रुव, अपर कलेक्टर योगिता देवांगन, अपर आयुक्त अशोक द्विवेदी ने हरी झण्डी दिखाकर रवाना किया। वाहन रैली नंदिनी रोड, छावनी, खुर्सीपार, पावर हाउस, सम्पूर्ण सेक्टर क्षेत्र का भ्रमण कर सेक्टर 7 स्कूल मैदान पहुंचा जहां वाहनों को 7 मई लिखे आकार में खड़े कर वहॉ मौजूद निगम, जिला प्रशासन, शिक्षा विभाग, राष्ट्रीय शहरी अजीविका मिशन के अधिकारी कर्मचारी, महिला कॉलेज, मेडिकल कॉलेज के युवाओं को निष्पक्ष निर्भिक होकर बिना भेदभाव के मतदान करने की शपथ दिलाई। इसके बाद वाहन रैली को नेहरू नगर मॉल रोड, सुपेला रामनगर, 18 नम्बर सड़क केम्प क्षेत्र के लिए झण्डा दिखाकर रवाना किया गया। वाहन रैली वैशालीनगर एवं भिलाईनगर विधानसभा क्षेत्र के लगभग 30 कि.मी. परिधि में फेरा लगाकर मतदाता जागरूकता के लिए 7 मई को मतदान अवश्य करने की अपील करते हुए बेनर पोस्टर से सजे वाहन रैली का समापन जी.ई.रोड साक्षरता चौक में किया गया।

- हरी झंडी दिखाकर रैली को किया रवाना, अंत में स्वीप के नोडल अधिकारी ने दिलाई शपथ



### इन्होंने अपनी उपस्थिति कराई दर्ज

रैली में स्वीप के सहायक नोडल अधिकारी डॉ पुष्पा पुरूषोत्तम, अमीत घोष, संजय बागड़े, अमिताभ शर्मा, येशा लहरे, सुनील चौधरी, दिप्ती साहू, हिमांशु देशमुख, अजय गौर, विनीता वर्मा, श्वेता वर्मा, धर्मेन्द्र मिश्रा, श्रीनिवास राव, अजय शुक्ला, रीता चतुर्वेदी, पुरूषोत्तम साहू, शशि भूषण मोहंती, जयकुमार जैन, अनिल मेश्राम, अनिल मिश्रा, व्ही.के.समुवल, अमन पटले, एकता शर्मा, तनवरी अकील सहित कॉलेज के शिक्षक-शिक्षिकाएं युवा छात्र एवं समाज सेवी संगठन के लोग शामिल रहे।

- शकुन्तला ग्रुप ऑफ स्कूल्स के तत्वावधान किया गया आयोजन

# एडवेंचर कैंप में उत्साह और साहस के साथ 430 बच्चों ने लिया हिस्सा, दिखाया अपना दमखम

**भिलाई।** विद्यार्थियों के सर्वांगीण विकास के लिए शकुंतला ग्रुप ऑफ स्कूल्स के तत्वावधान में एडवेन्चर कैंप का आयोजन किया गया। जिसमें शाला के बच्चों ने बढ़चढ़ कर हिस्सा लिया। सफलता के मार्ग का पहला संबल उत्साह और साहस है इसी पक्ति के तहत शारदा विद्यालय, रिसाली में विद्यार्थियों के चातुर्दिक विकास को केन्द्र में रखते हुए एडवेन्चर कैंप का आयोजन किया गया। जिसमें शकुन्तला ग्रुप ऑफ स्कूल्स के लगभग 430 विद्यार्थियों ने भाग लिया। शिविर का उद्घाटन शकुन्तला ग्रुप ऑफ स्कूल्स के डायरेक्टर संजय ओझा द्वारा द्वारा फीता काटकर किया गया। उन्होंने अपने उद्बोधन में विद्यार्थियों से कहा कि कैंप का उद्देश्य केवल विद्यार्थियों का सर्वांगीण विकास है।





### विद्यार्थियों ने लिया शिविर का आनंद





### विद्यार्थियों ने लिया विभिन्न खेलों का परीक्षण

अवसर पड़ने पर अथवा प्रतिकूल परिस्थितियों में विद्यार्थी सिखाए गए सभी कौशलों का प्रयोग बचाव कार्य के रूप में कर सकते है। उन्होंने विद्यार्थियों को अपनी ऊर्जा का सकारात्मक उपयोग करने का परामर्श दिया। शिविर के आरम्भ की उद्घोषणा शारदा विद्यालय रिसाली प्रिंसिपल सुतापा सरकार ने की। लगातार तीन दिनों तक चलने वाले इस कैंप में विद्यार्थियों ने कई गतिविधियों में भाग लिया। जिनमें जोरबिंग, बॉल क्लाम्बिगं, बर्मा ब्रिज, डार्ट, रैप्लिगं, रोप वॉकिंग, रिवर क्रॉसिंग, कमांडो नेट, क्लाम्बिंग, आरचरी, हॉर्स राइडिंग, जिप लाइनिंग आदि का प्रशिक्षण दिया गया। तीन दिवसीय कार्यक्रम की समाप्ति पर विद्यार्थियों का उत्साह नाइट कैंप में आकर दुगुना हो गया। जहां विद्यार्थियों ने बोन फायर के ईदगिर्द नृत्य किया और तरह तरह के खेल खेले। स्टार गेजिंग से खगोल के रहस्यों को जानने का प्रयत्न किया।

विद्यार्थियों के सामाजिक विकास के मद्दनेजर उन्हें नैतिक शिक्षा से जुड़ी एक फिल्म भी दिखाई गई। सम्पूर्ण शिविर के दौरान विद्यार्थियों का उत्साह देखते बना। सभी गतिविधियों के लिए विद्यालय प्रबंधन समिति द्वारा विशेषज्ञ प्रशिक्षकों का प्रबंध भी किया गया। शिविर की सभी गतिविधियां शारीरिक शिक्षा विभाग के शिक्षकों, प्रतीक ओझा एवं वनिता ओझा की देखरेख में संपन्न हुईं। पूरे शिविर में विपिन ओझा चेयरमैन स्कूल मैनेजिंग कमेटी, ममता ओझा, मैनेजर शारदा विद्यालय, रिसाली के साथ शकुन्तला ग्रुप ऑफ स्कूल्स के सभी सदस्यों ने विद्यार्थियों का उत्साहवर्धन किया।

## सिंटर प्लांट-3 के सभागार में कार्यशाला, विजेता हुए पुरस्कृत

**भिलाई।** भिलाई इस्पात संयंत्र के सिंटर प्लांट–3 के सभागार में राजभाषा कार्यशाल का आयोजन किया गया। मुख्य अतिथि मुख्य महाप्रबंधक अनूप कुमार दत्त और प्रमुख महाप्रबंधक एमआर के शरीफ विशिष्ट अतिथि थे। स्वागत भाषण उप महाप्रबंधक सुरक्षा अधिकारी राजेश देवांगन ने पढ़ा। उप प्रबंधक जितेन्द्र दास मानिकपुरी ने प्रावधानों की जानकारी दी। शब्दावली पर केद्रिरत प्रतियोगिता में प्रथम नरेन्द्र सिंह ठाकुर, द्वितीय मिथिलेश सोनबोइर, तृतीयसंजीव कुमार रहे। कवि गोष्ठी मे बलराम चन्द्राकर, सुरेश वैष्णव, रीतम लाल साहू,ओमवीर करन, गंगाराम चौबे, अमित कुमार,चंदन मनीष गुप्ता, संजीव कुमार तथा श्रवण सागर ने कविता पाठ किया। संचालन बलराम महंत ने किया।



## अंतर्राष्ट्रीय संगोष्ठी के लिए डॉ. रीमा का शोध पत्र स्वीकृत

**भिलाई।** श्री नारायण महिला कॉलेज कोल्लम, केरल विश्वविद्यालय, कोल्लम द्वारा आयोजित अंतर्राष्ट्रीय संगोष्ठी के लिए सेंट थॉमस महाविद्यालय की शिक्षा विभाग की सहायक प्राध्यापिका एवं पत्रकारिता विभाग की विभाग अध्यक्ष डॉ .रीमा देवांगन का शोध पत्र स्वीकृत हुआ है । यह जानकारी देते हुए डॉक्टर देवांगन ने बताया कि केरल विश्वविद्यालय कोल्लम से दूरस्थ शिक्षा संस्थान एवं शोध मंच द्वारा अंतर्राष्ट्रीय संगोष्ठी के लिए उनका शोध पत्र जिसका विषय पत्रकारिता के क्षेत्र में महिला पत्रकारों हेतु सुझाव के अंतर्गत नारी विमर्श पर स्वीकृत हुआ है। इस संगोष्ठी का आयोजन हिंदुस्तानी प्रचार सभा मुंबई के सहयोग से किया गया है शोध पत्र को बाद में प्रकाशित भी किया जाएगा देवांगन की इस उपलब्धि पर महाविद्यालय के प्रशासक डॉ जोशी वर्गीज एवं प्राचार्य डॉ एम.जी. रोइमोन तथा शिक्षा विभाग की अध्यक्ष डॉ शीजा थॉमस ने अपनी शुभकामनाएं प्रेषित की।



- सेंट थॉमस महाविद्यालय की सहायक प्राध्यापिका डॉ रीमा देवांगन ने प्रस्तुत किया शोधपत्र

होली मिलन समारोह में दिखा उत्साह, बांटी होली की खुशियां

कार्नर न्यूज



रंगो के त्यौहार होली को अब मात्र कुछ ही दिन शेष रह गए है। लेकिन लोगो में होली को लेकर अभी से ही जबरदस्त उत्साह देखने को मिल रहा है। इसी कड़ी में हाउसिंग बोर्ड सन मैरिज पैलेस में भाजपा महिला मोर्चा के तत्वावधान में होली मिलन समारोह का आयोजन किया गया था। कार्यक्रम की मुख्य अतिथि सांसद पत्नी रजनी विजय बघेल उपस्थित थी। जहां महिलाओं ने एक दूसरे को रंग लगाकर होली की शुभकामनाएं दी।

## एक दूसरे को रंग लगाकर दिया अनेकता में एकता का संदेश, जमकर झूमी महिलाएं





### होली मिलन में ये हुए शामिल

महिला मोर्चा भिलाई जिला अध्यक्ष स्वीटी कौशिक के नेतृत्व में होली मिलन समारोह का आयोजन किया गया था। इस दौरान प्रदेश उपाध्यक्ष शीतल नायक, चैंबर ऑफ़ कॉमर्स की महिला अध्यक्ष सरोजिनी पाणिग्रही, विजयलक्ष्मी, सरला आचार्य, पूर्व पार्षद रश्मि सिंह, उपासना साहू, निर्मला नायडू, कंचन सिंह, स्मिता दौड़के, रश्मि साव, गीता वर्मा, रुक्मणी साहू, स्नेहा शुक्ला, लक्ष्मी बघेल, ज्योति साहू, सहित समस्त जिला, प्रदेश, मंडल के पदाधिकारीगण एवं कार्यकर्ता काफी संख्या में उपस्थित रहे। इस दौरान स्वीटी कौशिक ने उपस्थित सभी जनों को होली की शुभकामनाएं देते हुए होली पर एक दूसरे के गिले शिकवे को भूलकर आपस में गले मिलकर आपसी भाईचारे को बनाएं रखने की बातें कही और अनेकता में एकता का संदेश दिया। इस दौरान महतारी वदंन योजना के लाभार्थियों को श्रीफल देकर सम्मान, स्वागत, अभिनंदन किया। कार्यक्रम के अंत में सभी महिलाओं ने एक दूसरे को रंग लगाकर होली की खुशियां जाहिर की और होली के गीतों पर जमकर डांस किया।

सिटी इवेंट

## एमबीबीएस के दीक्षांत समारोह में डॉ अक्षिता को मिला चार गोल्ड मेडल



**भिलाई।** इस्पात नगरी भिलाई तालपुरी निवासी डॉ अक्षिता सिंह ने एमबीबीएस पाठ्यक्रम सफलतापूर्वक पूरा करते हुए चार विषयों में गोल्ड मेडल प्राप्त कर शहर को गौरवान्वित किया है। डॉ अक्षिता अधिवक्ता असीम सिंह व सारिका सिंह की पुत्री हैं। डॉ अक्षिता सिंह की स्कूली पढ़ाई टाउनशिप के स्कूल में हुई। वर्तमान में वे एमबीबीएस पाठ्यक्रम के लिए 2018 में स्व बलिराम कश्यप मेमोरियल शासकीय मेडिकल कॉलेज जगदलपुर में एमबीबीएस में दाखिला लेकर पाठ्यक्रम सफलतापूर्वक पूरा किया। डॉ अक्षिता सिंह ने बायो केमिस्ट्री, पैथोलॉजी, ईएनटी, कम्युनिटी मेडिसिन में गोल्ड मेडल प्राप्त कर चिकित्सा महाविद्यालय के साथ ही इस्पात नगरी का नाम भी रोशन किया है। मेडिकल कॉलेज में आयोजित दीक्षांत समारोह में विद्यालय के चिकित्सा महाविद्यालय के डीन डॉ यू एस पैंकरा ने डॉ अक्षिता सिंह को गोल्ड मेडल प्रदान किया। डॉ अक्षिता सिंह की इस उपलब्धि पर दुर्ग जिला अधिवक्ता संघ के अध्यक्ष नीता जैन, सचिव रविशंकर सिंह, उपाध्यक्ष प्रशांत जोशी, उमा भारती साहू, कोषाध्यक्ष अनिल जायसवाल, सहसचिव राकेश यादव, क्रीड़ा सचिव रवि शंकर मानिकपुरी, कार्यकारिणी सदस्य पंडित अजय मिश्रा, दमयंती चंद्राकर, अजय शर्मा, नितेश साहू, विक्रम पारख, शाहिद संघ के सभी पदाधिकारी एवं वरिष्ठ अधिवक्ताओं ने हर्ष व्यक्त करते हुए बधाई दी है।

होली सेलिब्रेशन में दिया अनेकता में एकता का संदेश

# प्री होली सेलिब्रेशन का दौर शुरु जगह-जगह उड़ रहे रंग गुलाल

**भिलाई।** होलिया में उड़े रे गुलाल... भीगे चुनर वाली रंग बरसे... बलम पिचकारी जो तूने मुझे मारी... जैसे नए पुराने होली के गीतों में बच्चें, युवा व महिलाओं ने डांस की प्रस्तुति देते हुए जमकर मस्ती की तो किसी ने फनी रैंप वॉक कर दर्शकों को खूब हंसाया। अवसर था नृत्य कला मंदिर रिसाली द्वारा आयोजित होली सेलिब्रेशन के आयोजन का। जहां सभी वर्ग के बच्चें, युवा व महिलाएं उपस्थित थी। होली के त्यौहार के करीब आते ही कुछ दिनों पहले ही होली सेलिब्रेशन का दौर शुरु हो चुका है। चूंकि इस बार कई बोर्ड एग्जाम खत्म हो चुके है तो ऐसे में ट्विनसिटी के विभिन्न स्थानों में अभी से ही होली सेलिब्रेशन का दौर शुरु हो गया है जो होली के बाद भी पखवाड़े भर चलता रहेगा। इसी कड़ी में नृत्य कला मंदिर रिसाली में एकेडमी के बच्चों व महिलाओं के लिए होली सेलिब्रेशन का आयोजन ठेठवार भवन रिसाली में किया गया था। जिसमें क्लास के बच्चों व महिलाओं ने देश में डिफरेंट थीम पर अनेकता में एकता का संदेश देते हुए होली के गीतों पर राजस्थानी, पंजाबी, तेलगू सहित पुराने फिल्मी मुजरा थीम पर एक से बढ़कर एक डांस की प्रस्तुति दी। जिसे देख उपस्थित अतिथियों ने भी डांस किया।




### प्रतिवर्ष नए थीम पर होती है प्रस्तुति



संस्था की डायरेक्टर रानी नंदिनी ने बताया कि एकेडमी द्वारा प्रतिवर्ष नए थीम पर होली के आयोजन किए जाते है। जिसमें इस बार अनेकता में एकता की थीम नन्हें बच्चों ने राम लला की थीम पर राम बने आयांश, लक्ष्मण बने कार्तिकेय व सीता के रुप में बच्चों ने आकर्षक प्रस्तुति दी। पंजाबी, राजस्थानी, तेलगू ग्रुप डांस में बेस्ट ग्रुप का आवार्ड लोटस ग्रुप को मिला।





### अतिथियों ने किया फनी रैंप वॉक

नृत्य कला मंदिर की डायरेक्टर रानी नंदिनी के मार्गदर्शन में आयोजित होली सेलिब्रेशन में अतिथियों व लेट पहुंचने वालों को स्पेशल पनिशमेंट देते हुए उन्हें नकली बाल व दाढ़ी लगाकर पूंगी बजाते हुए रैंप वॉक कराया। जिसे देख सभी हसते हुए लोटपोट हो गए। इस पनिशमेंट और फनी रैंप वॉक में प्रथम सपना श्रीवास्तव रही। वहीं इस दौरान लोक गायिका रजनी रजक, गायनोकोलॉजिस्ट डॉ मानसी गुलाटी, महिला चैंबर भिलाई महामंत्री सुमन कन्नौजे, ब्यूटीशियन अनुपमा सोनी, ललिता सिंह, किरण सिंह, डॉ दीप्ती राठौर, डॉ मीनल साटकर, चैती पॉल, पूनम प्रियदर्शी, रीता मिश्रा, प्रतिभा यादव, ममता अवस्थी, शीला प्रकाश, मंजू पांडे सहित अन्य महिलाएं विशेष रुप से मौजूद रही। इस आयोजन में कार्यक्रम के संरक्षक पार्षद मनीष भगत का विशेष योगदान रहा।

सिटी लाइव

## कैंपस प्लेसमेंट में 12 विद्यार्थियों को मिला शानदार पैकेज



**भिलाई।** श्री शंकराचार्य प्रोफेशनल यूनिवर्सिटी, भिलाई के सम्बद्ध इकाई श्री शंकराचार्य प्रोफेशनल इंस्टिट्यूट ऑफ़ फार्मास्युटिकल्स साइंसेस एन्ड रिसर्च के 12 विद्यार्थियों का मैकलियॉड्स फार्मास्युटिकल्स प्राइवेट लिमिटेड इंदौर द्वारा कैम्पस सलेक्शन के माध्यम से चयन किया गया। विद्यार्थियों की इस सफलता पर कुलपति प्रो. डॉ ए.के. झा ने कहा कि श्री शंकराचार्य यूनिवर्सिटी के छात्र-छात्राओं ने इस साल अपनी प्रतिभा से बड़ी-बड़ी कंपनियों में जगह बनाकर कीर्तिमान रचा है। छात्रों की इस सफलता से संस्थान की शानदार शैक्षणिक गतिविधियों के स्पष्ट संकेत मिलते हैं। हमारी यूनिवर्सिटी बदलते समय के अनुसार छात्रों को शिक्षा दे रही है, जिसका फायदा उन्हें मिल रहा है। जॉब हासिल करने वाले सभी छात्रों को बधाई देते हुए कुलसचिव पी.के. मिश्रा कहा कि उन्हें जो अवसर मिला है, उसे वे अपनी प्रतिभा तथा मेहनत से और आगे ले जाएं।

यूनिवर्सिटी डेवलपमेंट डायरेक्टर प्रो डॉ. सुशीलचंद्र तिवारी ने कैंपस प्लेसमेंट में 12 छात्रों के सलेक्शन पर खुशी जताई। उन्होंने कहा कि यूनिवर्सिटी कैंपस प्लेसमेंट से पहले छात्रों के प्लस और माइनस दोनों पर फोकस करती है। कैंपस प्लेसमेंट से पहले छात्रों को तैयारी कराई जाती है, जिससे कि वे टेस्ट और इंटरव्यू के दौरान आत्मविश्वास से भरे रहें। इसी प्रेक्टिस का नतीजा है कि यूनिवर्सिटी के छात्र बड़ी-बड़ी कंपनियों में अच्छे पैकेज पर जॉब हासिल कर रहे हैं।

### स्कूली बच्चो को जूता टाई का वितरण



**भिलाई।** प्राथमिक शाला मुर्रा, प्राथमिक शाला सुरजीडीह में सुयस अस्पताल कोटा रायपुर द्वारा डॉक्टर विवेक केशरवानी, नंदिता ने प्राथमिक शाला के बच्चो को जूता, टाई बैल्ट, आलमारी, पंख, गैस चूल्हा, थाली, गिलास, टेबल कम्प्यूटर आदि का वितरण किया गया। जिसके साक्षी बने ग्राम पंचायत मुर्रा में सरपंच नागेश चंद्रवंशी, प्राथमिक शाला की प्रधानपठिक प्रणाली, जयशर्मा, भारती साहू, प्राथमिक शाला सुरजीडीह से प्रधानपठिक दीपमाला शुक्ला, हीरामणि साहू, भूमिका वर्मा मौजूद थे। ग्राम पंचायत मुर्रा, सुरजीडीह सरपंच ने केशरवानी, नंदिता का आभार जताया है।

डॉक्टरों की सराहनीय कार्य

## टांके पर लगा दिया कच्चा प्लास्टर, मरीज के हौसले से मिली डाक्टर्स को कामयाबी




**भिलाई।** 58 वर्षीय इस मरीज पर बहुत बुरी बीती। उसे दाहिने घुटने पर चोट लगी थी जहां टांके भी लगे थे। इसके ऊपर से कच्चा प्लास्टर कर दिया गया था। तीन दिन बाद जब उसकी हालत बिगड़ने लगी तो उसे हाईटेक हॉस्पिटल लाया गया। इस दौरान मरीज के न केवल उसके पैरों में सूजन थी बल्कि उसे बुखार था और मिलती आ रही थी। जांच करने पर पता चला कि घुटने का घाव संक्रमित हो गया है।

हाइटेक के लैप्रोस्कोपिक सर्जन डॉ एनके शर्मा ने बताया कि 58 वर्षीय इस मरीज का जब प्लास्टर को खोला गया तो स्थिति गंभीर थी। टांके के पास संक्रमण था और जांघ तक का हिस्सा काला पड़ गया था। अगर और अधिक देर हो जाती तो मरीज का पैर काटने की नौबत आ सकती थी। संक्रमण मरीज के किडनी तक जा पहुंचा था जो लगभग निष्क्रिय हो चुका था। ओटी में पहले उसके घाव को साफ किया गया और फिर संक्रमण के खिलाफ लड़ाई शुरू कर दी गई।

डॉ शर्मा ने बताया कि संक्रमण के खिलाफ लड़ाई कामयाब रही और मरीज की हालत में तेजी से सुधार हुआ। वे न केवल मरीज के पैर को बचाने में कामयाब रहे बल्कि संक्रमण दूर होते ही किडनी ने भी काम करना शुरू कर दिया। डायलिसिस कराने की भी नौबत नहीं आई। मरीज के इलाज में निश्चेतना विशेषज्ञ डॉ देवांगन एवं मेडिसिन विशेषज्ञ डॉ साहू की महत्वपूर्ण भूमिका रही।

बैंक ने सौंपा पांच लाख का चेक

## बीमा प्लान जिंदगी के लिए जरुरी, पॉलिसी से मिली परिवार को मदद




**भिलाई।** भारतीय स्टेट बैंक सिविक सेंटर इंदिरा प्लेस की शाखा से खिलावन राउत को पर्सनल लोन दिया गया था। लोन के साथ उनके पर्सनल लोन का इंश्योरेंस कवर एसबीआईलाइफ की स्मार्ट स्वधन प्लान के तहत किया गया। इस बीमा प्लान के कारण परिवार को काफी मदद मिली।

दरअसल पर्सनल लोन लेने के बाद हाल ही में खिलावन राउत का आकस्मिक निधन हो गया। लोन पॉलिसी के तहत लोन का बीमा कराए जाने पर बीमित व्यक्ति का लोन माफ कर दिया जाता है और यही नहीं परिजनों को भी इसका लाभ मिलता है। इसी के तहत खिलावन राउत निधन के बाद उनके बेटे गोपाल राउत को एसबीआई लाइफ द्वारा तीन माह के भीतर बीमा राशि 5 लाख रुपए का चेक प्रदान किया गया। इस अवसर पर भारतीय स्टेट बैंक ऑफ़ इंडिया इंदिरा प्लेस भिलाई के मुख्य प्रबंधक बिपिन बिहारी भी मौजूद रहे।

**एसबीआई से पर्सनल लोन लेने के बाद प्रार्थी का हुआ था निधन**

सिटी इवेंट

## आणविक विज्ञान व्यावहारिक प्रशिक्षण पर हुई सात दिवसीय राष्ट्रीय कार्यशाला



**भिलाई।** सूक्ष्मजीव विज्ञान विभाग ने बॉयोइनोवेल लाइफसाइंस प्राव्हेट लिमिटेड बैंगलुरू तथा माइक्रोबॉयोलाजी सोसायटी, इंडिया के संयुक्त तत्वावधान में आण्विक विज्ञान व्यवहारिक प्रशिक्षण पर सात दिवसीय राष्ट्रीय कार्यशाला का आयोजन स्वामी श्री स्वरूपानंद सरस्वती महाविद्यालय के किया। इस कार्यक्रम में स्नातकोत्तर कक्षा के छात्र-छात्राओं ने भाग लिया तथा नई-नई आण्विक तकनीक जैसे पादप जंतु ऊत्तकों से डीएनए निष्कर्षण, रेस्ट्रीकेशन डायजेशन, लाइगेशन वैद्युतकण संचालन तकनीक, पीसीआर तकनीक आदि तकनीकी के बारे में जानकारी प्राप्त की। कार्यक्रम की संयोजिका डॉ. शमा ए बैग ने बताया कि यह कार्यक्रम छात्रों में रोजगार के अवसर बढ़ाने के उद्देश्य से आयोजित किया गया है। औद्योगिक क्षेत्रों मे नवीन तकनीकी के उपयोग में बढ़ोतरी हुई है।

वृद्धाश्रम में जनकल्याणकारी योजना के तहत बांटा दिनचर्या के सामान

## एक शाम बुजुर्गों के साथ मनाकर बांटी होली की खुशियां, जरुरत की सामग्री की वितरित

कार्नर न्यूज

### पुलगांव वृद्धाआश्रम के बुजुर्गों ने दी प्रस्तुति

**भिलाई।** होली पूर्व सप्ताह में भिलाई छत्तीसगढ़ी अग्रवाल समाज से संचालित अग्र जन ओढ़र मंच द्वारा पुलगांव, दुर्ग स्थित वृद्धाश्रम में जनकल्याणकारी योजना के तहत निवासरत बुजुर्गों के बीच एक शाम वृद्धाश्रम के नाम कार्यक्रम आयोजित किया गया। संगीत संध्या से कार्यक्रम की शुरुआत हुई। ओढ़र मंच के गायक कलाकरों की मधुर संगीत प्रस्तुति के मध्य जब आश्रम में रह रहे बुजुर्गों द्वारा प्रस्तुति दी गई तब उपस्थित जनमानस रोमांचित हो करतल ध्वनि के साथ झूमने नाचने लगे। सदस्यों के लिए यह पल खुशियों से भरा व अविस्मरणीय रहा।



### मंच के सदस्यों ने कराया भोजन

इसी बीच भोजन की घंटी बजते ही सभी वृद्धजन अपनी अपनी थाली लेकर भोजन कक्ष में क्रमवार प्रवेश किये और मंच के सदस्यों द्वारा भोजन कराया गया। तत्पश्चात होली मनाने रंग गुलाल पैकेट के साथ दिनचर्या के लिए आवश्यक तेल, साबुन आदि का एक एक किट वितरित किया गया। अंत मे संयोजक सूर्यकांत द्वारा भविष्य में ऐसे ही जनकल्याणकारी व चिकित्सा योजना, पर्यावरण सुरक्षा, आध्यात्मिक व धार्मिक सेवा के विषय में बताते हुए सदस्यों को धन्यवाद ज्ञापित किया गया।



### कार्यक्रम के लिए टीम को दी बधाई

समाज के 50 से भी ज्यादा परिवार के सहयोग व रमाशंकर के भोजन प्रबंध के लिए अग्रजन ओढ़र मंच की पूरी टीम को भिलाई अग्रवाल समाज के अध्यक्ष रमेंद्र अग्रवाल, महिला अध्यक्ष हेमलता अग्रवाल व युवा मंच अध्यक्ष केशव मुरारी द्वारा कार्यक्रम आयोजित करने के लिए शुभकामनाएं दी। कार्यक्रम में समाज व ओढ़र मंच के रामधन, शिवशरण, मधु, पल्लवी, वारुणि, कुमुद, मालती, मुकुंद, नीलू, अर्पिता, रीता, रामचंद, संध्या, ईश्वर दयाल चंद्राकर, आशीष विज, लखन लाल वर्मा, बाबा सिंग, तोशिमा सहित अनेक गणमान्य उपस्थित रहे।

## सिटी स्पोर्ट्स

### पॉवर कंपनी में अंतर क्षेत्रीय शक्तित्तोलन एवं शरीर सौष्ठव प्रतियोगिता का आगाज



**रायपुर।** छत्तीसगढ़ स्टेट पॉवर कंपनी में दो दिवसीय अंतर क्षेत्रीय पॉवर लिफ्टिंग एवं बॉडी बिल्डिंग प्रतियोगिता का शुभारंभ गुरूवार को हुआ। इस अवसर पर मुख्य अतिथि केन्द्रीय क्रीड़ा एवं कला परिषद के महासचिव एवं कार्यपालक निदेशक एम एस चौहान ने कहा कि बॉडी बिल्डिंग और पॉवर लिफ्टिंग जैसे खेल शारीरिक ही नहीं बल्कि मानसिक बल को भी बढ़ाते हैं। उन्होंने कहा कि पॉवर कंपनी ऊर्जा क्षेत्र में कार्य करती है ऐसे में उनके अधिकारी–कर्मचारी हमेशा ऊर्जा से भरे रहे यह प्रबंधन का प्रयास रहता है। इस मौके पर क्षेत्रीय क्रीड़ा एवं कला परिषद के अध्यक्ष कार्यपालक निदेशक के एस मनोठिया ने कहा कि पॉवर कंपनी में इतनी बड़ी संख्या में प्रतिभागियों का शामिल होना दर्शाता है कि व्यक्ति शारीरिक बल से नहीं मनोबल से युवा होता है। उद्घाटन अवसर पर आयोजन के प्रभारी मनोज वर्मा ने आई हुई टीमों एवं प्रतिभागियों का स्वागत किया एवं आयोजन के संबंध में प्रकाश डाला। क्षेत्रीय कला एवं क्रीड़ा परिषद के सचिव विनय चंद्राकर ने बताया कि 21-22 मार्च को पॉवर कंपनी मुख्यालय परिसर में आयोजित की जा रही इस प्रतियोगिता में 8 क्षेत्रीय टीमों के 57 प्रतिभागी हिस्सा ले रहे हैं। पहले शक्तित्तोलन(पॉवर लिफ्टिंग) की 8 वर्गों में प्रतिस्पर्धा हो रही है वहीं दूसरे और अंतिम दिन शरीर सौष्ठव (बॉडी बिल्डिंग) प्रतियोगिता होगी। प्रतियोगिता में रायपुर क्षेत्र,रायपुर सेन्ट्रल,दुर्ग,बिलासपुर,कोरबा पूर्व,कोरबा पश्चिम, मड़वा और जगदलपुर की टीमें हिस्सा ले रहीं हैं। उद्घाटन अवसर पर केन्द्रीय क्रीड़ा एवं कला परिषद के पूर्व सचिव आर के बंछोर, कार्यपालन अभियंता आशीष अग्निहोत्री और व्ही के तिवारी प्रमुख रूप से मौजूद थे।

### महिला हैंडबॉल प्रतियोगिता में भारतीय रेलवे की टीम को स्वर्ण पदक

**रायपुर।** 52वीं राष्ट्रीय सीनियर महिला हैंडबॉल प्रतियोगिता का आयोजन उत्तर प्रदेश के हॉथरस में किया गया । इस प्रतियोगिता में भारतीय रेलवे



की महिला हैंडबाल टीम ने शानदार प्रदर्शन करते हुए प्रथम स्थान प्राप्त कर स्वर्ण पदक जीता।भारतीय रेलवे की विजेता टीम में दक्षिण पूर्व मध्य रेलवे की 05 महिला खिलाड़ियों ने भाग लिया टीम की जीत अहम भूमिका निभाई। दक्षिण पूर्व मध्य रेलवे की इन महिला हैंडबाल खिलाडियों में काजल,निकी,पंकज, गौरव,टेक्नीशियन, यांत्रिक विभाग एवं मीनू, टेक्नीशियन, विद्युत विभाग शामिल हैं।इसी प्रकार दक्षिण पूर्व मध्य रेलवे के बिलासपुर मुख्यालय भंडार विभाग में जूनियर क्लर्क के पद पर कार्यरत मधु वेदवान ने 3री खेलो इंडिया नेशनल रैंकिंग महिला तीरंदाजी टूर्नामेंट में दूसरा स्थान प्राप्त कर दक्षिण पूर्व मध्य रेलवे को गौरवान्वित किया है। भारतीय रेलवे के साथ ही दक्षिण पूर्व मध्य रेलवे द्वारा हमेशा से खेल एवं खिलाड़ियों को प्रोत्साहन दिया जाता रहा है । इसी का परिणाम है कि आज इन तीनों खिलाड़ियों ने देश के साथ ही दक्षिण पूर्व मध्य रेलवे का भी नाम रौशन किया है । भारतीय रेलवे की महिला हैंडबाल टीम एवं उसमें शामिल दक्षिण पूर्व मध्य रेलवे के खिलाड़ियों को उनके शानदार प्रदर्शन एवं उपलब्धि पर महाप्रबंधक, दक्षिण पूर्व मध्य रेलवे एवं अधिकारियों द्वारा बधाई दी गई है तथा भविष्य में और भी बेहतर प्रदर्शन के लिए प्रोत्साहित किया गया है ।

### छत्तीसगढ़ स्टेट अंडर - 17 फीडे रेटेड चेस चैंपियनशिप 12 अप्रैल से

**रायपुर।** ऑल इंडिया चेस फेडरेशन के निर्देशन तथा छत्तीसगढ़ प्रदेश शतरंज संघ के तत्वावधान में दुर्ग जिला शतरंज संघ द्वारा प्रदेश में पहली बार अंडर -17 आयु समूह की फीडे रेटिंग शतरंज चयन स्पर्धा का आयोजन जलाराम भवन ,सिविल लाइन्स दुर्ग में किया जा रहा है। छत्तीसगढ़ प्रदेश शतरंज संघ के राज्य सचिव हेमन्त खुटे ने जानकारी देते हुए बताया कि इस स्पर्धा में छत्तीसगढ़ राज्य के कोई भी खिलाड़ी जो कि 17 साल से नीचे (1 जनवरी 2007 या इसके बाद की पैदाइश ) के है भाग ले सकते है। इस स्पर्धा में हिस्सा लेने हेतु सभी खिलाड़ियों का ऑल इंडिया चेस फेडरेशन व राज्य शतरंज संघ से 2024 -25 का पंजीयन आवश्यक है। स्पर्धा के प्रथम 2 बालक व 2 बालिका खिलाड़ियों का चयन राष्ट्रीय स्पर्धा के लिए किया जायेगा। स्पर्धा में दोनो केटेगरी के लिए अलग - अलग पुरस्कार की व्यवस्था की गई है जिसमे प्रथम पुरस्कार ₹ 7000 व ट्रॉफी, द्वितीय ₹ 5000 व ट्रॉफी ,तृतीय ₹3000 व मोमेंटो,चतुर्थ ₹ 2000 व मोमेंटो प्रदाय किया जाएगा।

● चौंकाने वाला खुलासा मेडिकल साइंस में, सावधान रहना जरूरी

# बिना खांसी के भी हो सकती है टीबी एक चौथाई लोगों में कोई भी लक्षण नहीं

ट्यूबरकुलोसिस (टीबी) दुनियाभर में रिपोर्ट की जाने वाली गंभीर स्वास्थ्य समस्या है। माइकोबैक्टीरियम ट्यूबरकुलोसिस नामक जीवाणु के कारण ये संक्रमण होता है। बैक्टीरिया आमतौर पर फेफड़ों पर अटैक करते हैं, इसके अलावा इसका दुष्प्रभाव किडनी, रीढ़ और मस्तिष्क पर भी देखा जा सकता है। टीबी, मुख्यरूप से फेफड़ों की बीमारी मानी जाती है, इसके लक्षण सांस की समस्याओं और फेफड़ों की अन्य दिक्कतों से संबंधित होते हैं। स्वास्थ्य विशेषज्ञ बताते हैं, टीबी किसी भी उम्र के व्यक्ति को हो सकती है, इसलिए इसके जोखिमों के बारे में जानना और इससे बचाव के उपाय करना आवश्यक है। दुनियाभर में टीबी रोग को लेकर लोगों में जागरूकता बढ़ाने और इससे बचाव को लेकर लोगों को शिक्षित करने के उद्देश्य से हर साल मार्च माह की 24 तारीख को वर्ल्ड टीबी डे मनाया जाता है।



### टीबी रोगियों में नहीं देखा जा रहा ये प्रमुख लक्षण

द लैंसेट इंफेक्शियस डिजीज में प्रकाशित अध्ययन के अनुसार, एशिया और अफ्रीका में जिन लोगों में टीबी की दिक्कत देखी जा रही है, उनमें से करीब 80 फीसदी लोगों ने बताया कि उन्हें लगातार खांसी आने की शिकायत नहीं थी। रोगियों में अब तक टीबी का सबसे महत्वपूर्ण माना जा रहा ये लक्षण नहीं देखा गया है। सबक्लिनिकल पल्मोनरी टीबी की व्यापकता का पता लगाने के लिए वैज्ञानिकों की टीम ने किए गए इस अध्ययन में पाया कि एशिया और अफ्रीका के हाई बर्डन वाले देशों में अधिकतर टीबी रोगियों को लगातार खांसी नहीं थी, जबकि 60% से अधिक लोगों में बिल्कुल खांसी नहीं थी। इतना ही नहीं एक चौथाई से अधिक लोगों में बीमारी से जुड़ा कोई अन्य लक्षण नहीं था।

### खांसी के बिना भी टीबी के मामले

वैज्ञानिक कहते हैं, टीबी रोगियों में लगातार खांसी न होने समस्या पर ध्यान देना काफी महत्वपूर्ण है क्योंकि यह उन प्राथमिक लक्षणों में से एक है जो रोगियों में टीबी के निदान प्रक्रिया को शुरू करता है। इसका मतलब है कि अब रोगियों में इस रोग का पता लगाना कठिन हो सकता है। लक्षण स्पष्ट न होने पर निदान और उपचार में देरी की आशंका होती है जिससे शरीर में अंदर ही अंदर बीमारी बढ़ सकती है और इसके गंभीर रूप लेने का खतरा भी बढ़ जाता है।

### टीबी से मौत का जोखिम


साल 2022 में वैश्विक स्तर पर 1.3 मिलियन (13 लाख) लोगों की टीबी के कारण मौत हो गई। कोविड-19 के बाद, टीबी किसी संक्रामक एजेंट से होने वाली मौत का दूसरा प्रमुख कारण रहा है। शोधकर्ता कहते हैं, अध्ययन के निष्कर्ष यह समझाने में मदद करते हैं कि वैश्विक स्तर पर रिपोर्ट किए गए नए टीबी मामलों की संख्या (2022 में 7.5 मिलियन) और बीमारी विकसित करने वाले लोगों की अनुमानित संख्या (2022 में 10.6 मिलियन) के बीच हर साल इतना महत्वपूर्ण अंतर क्यों है।

### क्या कहते हैं वैज्ञानिक?

एम्स्टर्डम यूनिवर्सिटी मेडिकल सेंटर में वैश्विक स्वास्थ्य के प्रोफेसर और अध्ययन के लेखक फ्रैंक कोबेलेंस कहते हैं, टीबी के मरीजों में अब मुख्य लक्षण ही गायब होता देखा जा रहा है, इससे भविष्य में रोगियों में इस समस्या का निदान होने में और भी समय लग सकता है।



# होम वर्कआउट करते समय ध्यान रखें ये बातें




कोरोना के बाद हमारी दुनिया काफी बदल चुकी है। आज भी लोग सार्वजनिक जिम के बजाए पर्सनल जिम में वर्जिश करना पसंद करते हैं। फिर जो लोग घर से भी काफी कम बाहर निकलते हैं या फिर कई लोग हैं जो रोजाना जिम जाते हैं उन्हें सेहत का ख्याल रखना काफी जरूरी है। वहीं घर में वर्कआउट/एक्सरसाइज करने के लिए कुछ लोगों ने सस्ते फिटनेस इक्युपमेंट्स भी खरीद लिए हैं।

बेहतर रिजल्ट पाने के लिए वर्कआउट टिप्स फॉलो करने के साथ कैलोरी बर्न करने और वेट लॉस करने वाली एरोबिक एक्सरसाइज पर ध्यान देने के अलावा कुछ अन्य बातों का भी ख्याल रखना काफी जरूरी है। जिससे फिटनेस पाने में भी काफी मदद मिल सकती है।

एक सॉफ्टवेयर इंजीनियर ने होम वर्कआउट से मस्कुलर बॉडी बनाई थी जिसके बारे में उन्होंने हमारे साथ अपनी फिटनेस जर्नी शेयर की थी। उनकी इस जर्नी का कारण था कि वे होम वर्कआउट के समय छोटी से छोटी चीजों का भी ख्याल रखते थे। इससे उन्हें काफी अच्छे रिजल्ट मिले। इसलिए आज हम आपको कुछ ऐसे टिप्स बता रहे हैं जिन्हें होम वर्कआउट के समय ध्यान में रखने से आपको भी तुरंत अच्छे रिजल्ट मिलेंगे।

### स्पोर्ट्स ड्रेस पहनें

होम वर्कआउट का ये मतलब नहीं है कि आप घर के कपड़ों में ही वर्कआउट करने लगें। वो कहते हैं न कि अगर



ओकेजन के मुताबिक ड्रेस पहनी जाए तो कॉन्फिडेंस और अधिक बढ़ जाता है। उसी तरह स्पोर्ट्स वियर में वर्कआउट करने से आपका कॉन्फिडेंस अधिक बढ़ जाएगा। साथ ही साथ आप मानसिक रूप से खुद को तैयार कर सकते हैं। इसलिए एक आरामदायक टैंक टॉप, ट्रैक पैंट और यहां तक कि अपने चलने वाले जूते पहनकर वर्कआउट करें।

### खूब पानी पिएं

जब कोई घर में रहता है तो उसका वॉटर इंटेक कम हो जाता है। अगर आप भी घर पर हैं तो अपनी दिनचर्या में कम पानी पी रहे होंगे। अगर आप घर पर ही हैं तो आपको बीच-बीच में छोटे घूंट लेना महत्वपूर्ण है। ताकि आपकी मांसपेशियां लगातार हाइड्रेटेड रहें और होम वर्कआउट के दौरान अच्छी परफॉर्मेंस कर पाएं। याद करें जब आप जिम में वर्कआउट करते थे तब भी बीच-बीच में पानी पीते थे। इसलिए इस बात पर भी खास ध्यान दें। यदि आप अपनी परफॉर्मेंस अच्छी करना चाहते हैं और घर पर देर तक वर्कआउट करना चाहते हैं तो समय-समय पर पानी पीते रहें।

### अपने शरीर की सुनें

यह बहुत जरूरी है कि आपको अपनी शरीर की सुनना चाहिए। ऐसा न करने से आपको चोट लग सकती है या इंजुरी भी हो सकती है। जब आप किसी ट्रेनर के अंडर में रहकर ट्रेनिंग करते हैं तो वो आपको बताते हैं कि कब और कितनी एक्सरसाइज करना है या कुछ अलग करना है। लेकिन जब आप घर पर होते हैं तो आप खुद अपने टीचर होते हैं और आपको घर पर किसी का मार्गदर्शन नहीं मिलेगा। इसलिए अपने शरीर को देखकर वर्कआउट करें।



# भोग लगाने के दौरान न करें इस तरह की गलती



ज्योतिषाचार्य के हिसाब से पूजा के दौरान लोगों को भूलकर भी यह गलती नहीं करना चाहिए। कुछ लोग भोग भगवान के लिए तैयार करते हैं और उसमें से अलग निकालकर खाना शुरू कर देते हैं। पश्चात उसी में से निकालकर भगवान को भी प्रसाद स्वरूप चढ़ा देते हैं। ऐसा करना शास्त्रों में वर्जित माना गया है। इसलिए अगर आप भगवान को भोग लगाने के लिए कुछ बना रहे हैं, तो सीधे भोग लगाएं।

### भोग लगाने के बाद इन्हें खिलाएं

भोग लगाने के बाद सबसे पहले गाय को खिलाना चाहिए। क्योंकि गौ माता में सभी देवी-देवता (देवी-देवता पूजा) वास करते हैं और इन्हें खिलाने से सभी देवी-देवता प्रसन्न हो सकते हैं और उनकी कृपा व्यक्ति पर बनी रहती है। इसलिए भोग लगाने के बाद सबसे पहले गाय को खिलाएं।

### घर के बच्चे को खिलाएं भोग

अगर आपको गौ माता भोग खिलाने के लिए नहीं मिल रही हैं, तो आप घर में सबसे छोटे बच्चे को खिला सकते हैं। ऐसा कहा जाता है बच्चे भगवान का स्वरूप माने जाते हैं। इसलिए बच्चे को भी भोग लगाने के बाद खिला सकते हैं। इससे शुभ परिणाम मिल सकते हैं।

### इन बातों का रखें ध्यान

ज्योतिषाचार्य के अनुसार भोग लगाने के दौरान और भी कई बातों का ध्यान रखना बेहद जरूरी है। भगवान के भोग में इस बात का विशेष ध्यान रखें कि प्याज और लहसून को हटा दें। भोग बनाने वाले स्थान को साफ-सुथरा रखें और गंगाजल (गंगाजल उपाय) से पवित्र जरूर करें। अगर आप भी भगवान को भोग लगाने के दौरान यह गलतियां करते हैं, तो ऐसा करने से बचें ।

# होली के माहौल में दिखने वाले सपनों का महत्व जानिए



कई बार आपको सपने में ऐसी चीजें दिखाई दे सकती हैं जिनका भविष्य के लिए शुभ फल मिल सकता है, वहीं कुछ ऐसे भी सपने हो सकते हैं जो नकारात्मक संकेत दे सकते हैं। ऐसे ही आपको कई बार सपने में ऐसी चीजें भी दिखाई देती हैं। जिससे आपके आने वाले भविष्य में आर्थिक लाभ हो सकते हैं। अगर आपको होली के पर्व के आस-पास कुछ विशेष सपने दिखाई देते हैं तो इनका आपके आने वाले समय में बहुत शुभ फल मिल सकता है। ऐसे सपने आपको धन के संकेत भी दे सकते हैं। आइए ज्योतिर्विद पंडित रमेश भोजराज द्विवेदी जी से जानें इसके बारे में विस्तार से।

### सपने में पैसों से भरी तिजोरी

अगर आपको होली के पर्व के आस-पास सपने में पैसों से भरी तिजोरी दिखाई देती है तो ये आपके जीवन के लिए अच्छे संकेत हो सकते हैं। अगर आप सपने में किसी से धन ले रहे हैं तो समझे कि असल जीवन में भी आपको अनायास ही धन की प्राप्ति हो सकती है। यह सपना इस बात का संकेत भी हो सकता है कि आपका अटका हुआ धन वापस मिलने वाला है। यदि असल जीवन में आपका सपना धन कमाने का है तो यह सपना आपके लिए शुभ फल दे सकता है। यह सपना इस बात का संकेत हो सकता है कि निकट भविष्य में आपकी मेहनत रंग ला सकती है।

### सपने में गहने देखना

यदि आपके सपने में गहने दिखाई देते हैं तो यह सपना आपके लिए शुभ संकेत दे सकता है। असल जीवन में इस सपने का प्रभाव यह हो सकता है कि आपको सोने, चांदी या हीरे के सपने का के गहने खरीदने का मौका मिले। ऐसा भी हो सकता है कि आपको उपहार में किसी से गहने मिलें। ऐसा अपना हमेशा न सिर्फ गहने खरीदने का संकेत होता है बल्कि किसी भी रूप में धन के संकेत दे सकता है।

### सपने में मछली को पानी में तैरते हुए देखना

अगर आपको सपने में कभी एक्वेरियम दिखाई देता है और आप उसमें मछलियों को तैरते हुए देखते हैं, तो ये आपके जीवन के लिए सकारात्मक संकेत देता है। ऐसा संभव है कि आपको जल्द ही इसका लाभ मिले और आपको धन लाभ हो। पानी में मछलियों का सपना आपके जीवन के लिए शुभ संकेत देता है और इससे आपको लाभ हो सकता है।

कार्नर न्यूज

## रोजे के दौरान अपने शरीर का भी ध्यान रखना जरूरी

# रमजान में बरकरार रहेगी तंदुरुस्ती, उठाएं जरूरी कदम

*रमजान में आप भी रोजा रखते हैं तो आइए नजर डालते हैं विश्व स्वास्थ्य संगठन (डब्ल्यूएचओ) के उन टिप्स पर जो आपको रमजान में हेल्दी रहने में मदद कर सकते हैं। इस्लाम को मानने वाले लोगों के लिए रमजान का महीना काफी फजीलत वाला होता है। इस पाक महीने में मुस्लिम समुदाय के लोग पूरे 30 दिन रोजा रखते हैं। सूर्यास्त से पहले से लेकर सूरज डूबने के बाद तक का रोजा होता है, यानी कुल 12 से 13 घंटे बिना खाए पिए रहना पड़ता है। ऐसे में अगर जरा भी लापरवाही हुई तो सेहत पर असर पड़ सकता है। अक्सर लोग अपनी सेहत को लेकर इस दौरान थोड़े चिंतित रहते हैं। वही हाल ही में डब्ल्यूएचओ ने रमजान में स्वस्थ रहने के लिए एक पोस्टर जारी किया है। इनमें बताया गया है कि कैसे आप रमजान के दौरान खुद को फिट रख सकते हैं।*



डब्ल्यूएचओ के मुताबिक अगर आप रमजान के महीने में खाने में डेजर्ट शामिल करते हैं तो आपको वाटर रिच फलों को डेजर्ट में शामिल करना चाहिए। इससे आपको नेचुरल शुगर मिलेगा, शरीर में पानी की कमी भी नहीं होगी,पाचन दुरुस्त होगा और तो और आपकी क्रेविंग भी शांत हो जाएगी।

डब्ल्यूएचओ के मुताबिक आप रमजान में भी एक्सरसाइज जरूर करें। इसे पूरा शरीर एक्टिव हो जाता है और शरीर में ऑक्सीजन का भी संचार बढ़िया होता ह। इससे आप कई तरह की बीमारियों से दूर रहते हैं। एक्सरसाइज करने से मूड बेहतर होता है और तनाव को कम करने में मदद मिलती है। ध्यान रहे की शहरी के वक्त एक्सरसाइज करें या फिर इफ्तार के बाद। डब्ल्यूएचओ के बाद ऐसा करने से आपके शरीर पर बुरा प्रभाव पड़ सकता है। हार्ट मस्तिष्क को नुकसान पहुंच सकता है। डब्ल्यूएचओ के मुताबिक रमजान में अगर आप फिट एंड फाइन रहना चाहते हैं तो आपको प्रॉपर डाइट का भी ध्यान देना होगा। अपनी थाली में विटामिन, मिनरल्स से भरपूर खाद्य पदार्थों को शामिल करें हेल्दी डाइट में डेयरी प्रोडक्ट, हरी सब्जियां, दाल सभी चीजों को शामिल करना चाहिए। वहीं इस दौरान हाइड्रेशन का भी पूरा ध्यान रखना चाहिए। नॉन फास्टिंग आर में जितना हो सके आप धीरे-धीरे पानी पीते रहें। इसके अलावा आप नारियल पानी, जूस, सब्जियों के सूप भी लेते रहें। इससे डिहाइड्रेशन भी नहीं होगी और शरीर को एनर्जी मिलती रहेगी।

रमजान में आप मीठा खाना सीमित कर दें,इसके अलावा आप नमक भी कम मात्रा में खाएं। इन दोनों ही चीज़ों से आपके शरीर में पानी की कमी हो सकती है। चीनी खाने से जहां ब्लड शुगर लेवल पर असर पड़ सकता है वहीं नमक बीपी बढ़ा सकता है।



## फिल्म इवेंट

### हॉलीवुड

## 'मार्वल 1943ः राइज ऑफ हाइड्रा' का ट्रेलर जारी, दिखे ब्लैक पैंथर-कैप्टन



अवॉर्ड विनिंग लेखक-निर्देशक एमी हेनिग अपने आगामी प्रोजेक्ट को लेकर जबरदस्त सुर्खियों में हैं। मार्वल गेम्स ने बीते दिन अपने आगामी कथा-संचालित एक्शन-एडवेंचर गेम 'मार्वल 1943ः राइज ऑफ हाइड्रा' पर नए विवरण साझा किए। मार्वल ने नया ट्रेलर जारी कर दिया है, जिसमें फैंस को गेम की एक झलक देखने को मिलती है। यह खिलाड़ियों को खेल के विभिन्न बिंदुओं पर खेलने योग्य चार नायकों के समूह के साथ द्वितीय विश्व युद्ध के साहसिक कार्य पर ले जाता है। ट्रेलर से साफ हो रहा है कि जैसे ही खेल की कहानी सामने आएगी, खिलाड़ी चार मुख्य किरदारों की भूमिका निभाएंगे। इनमें एक युवा स्टीव रोजर्स उर्फ कैप्टन अमेरिका, अज्जुरी, टी'चल्ला के दादा और द्वितीय विश्व युद्ध युग के ब्लैक पैंथर, गेब्रियल जोन्स, एक अमेरिकी सैनिक और हॉलिंग कमांडो के सदस्य, और नानाली, एक वकंदन जासूस जो अधिकृत पेरिस में छिपा हुआ है। 'मार्वल 1943ः राइज ऑफ हाइड्रा' में कैप्टन अमेरिका और ब्लैक पैंथर सहित खेलने योग्य किरदारों का एक समूह है। इसे कथा-संचालित एक्शन-एडवेंचर गेम के रूप में वर्णित किया गया है। नई कहानी का ट्रेलर 20 मार्च, 2024 को एपिक गेम्स के स्टेट ऑफ अनरियल मुख्य वक्ता के रूप में सामने आया, जहां स्काईडांस न्यू मीडिया और एपिक गेम्स ने मार्वल 1943ः राइज ऑफ हाइड्रा में अत्याधुनिक दृश्य लाने के लिए अपने चल रहे सहयोग की घोषणा की।

### टालीवुड

## 'यह चुनाव का समय है, मुझे सांस लेने में भी डर लगता है' : रजनीकांत



सियासत से मनोरंजन जगत की हस्तियों का ताल्लुक बहुत ही पुराना है, जिन्हें लगता है कि उन्होंने दर्शकों का मनोरंजन बखूबी किया है। वह आगे चलकर राजनीति का हिस्सा बन जाते हैं। अब देश में जहां एक ओर 2024 के लोकसभा चुनाव की तारीखों का ऐलान हो चुका है, वहीं चेन्नई में सुपरस्टार रजनीकांत ने मजाक-मजाक में कुछ ऐसा कहा है, जिसे फैंस चुनावी माहौल में सितारों के लिए बड़ी नसीहत मान रहे हैं। आइए जानते हैं कि अभिनेता ने क्या कहा है। हाल ही में, रजनीकांत ने तमिलनाडु के चेन्नई में एक लोकप्रिय अस्पताल की शाखा के उद्घाटन में अपनी उपस्थिति दर्ज कराई। इस कार्यक्रम में मीडिया से बात करते हुए थलाइवा ने साझा किया कि वह ज्यादा नहीं बोलना चाहते क्योंकि यह चुनाव का समय है और उन्हें सांस लेने में भी डर लग रहा है। अभिनेता का कहना है कि चुनाव के माहौल को देखते हुए उन्हें मुंह खोलने से भी डर लग रहा है। रजनीकांत ने कहा, "मैं बिल्कुल भी बोलना नहीं चाहता था, लेकिन मुझसे कुछ शब्द कहने के लिए कहा गया। मैंने पूछा कि क्या कार्यक्रम में कई मीडिया हाउस होंगे। उन्होंने कहा कि कुछ ही होंगे। अब इन सभी कैमरों को देखकर मुझे डर लग रहा है। यह चुनाव का समय भी है। मुझे सांस भी लेने में डर लगता है।" अभिनेता की बात सुनकर वहां मौजूद सभी लोग हंसने लगे थे। अपने भाषण के दौरान रजनीकांत ने कहा, "पहले, जब पूछा जाता था कि कावेरी अस्पताल कहां है, तो लोग कहते थे कि यह कमल हासन के घर के पास है। अब जब पूछा गया कि कमल का घर कहां है तो लोग कहते हैं कि कावेरी अस्पताल के पास है। मीडिया के लोगों से गुजारिश है कि ये सिर्फ सामान्य बातें हैं। यह मत लिखिएगा कि रजनीकांत ने कमल हासन पर कोई तंज किया है।₹ अभिनेता ने अपनी आगामी फिल्म 'वेट्टैयान' पर भी अपडेट साझा किया और कहा, "फिलहाल शूटिंग शानदार चल रही है। हालांकि, फिल्म की रिलीज डेट की घोषणा पूरी शूटिंग पूरी होने के बाद ही की जाएगी।

### भोजपुरी

## अश्लील गाने बनाने वालों पर भड़कीं लोक गायिका नेहा सिंह



लोक गायिका नेहा सिंह राठौर अक्सर अपने गीतों और बयानों को लेकर चर्चा में रहती हैं। वे अक्सर भोजपुरी सिनेमा इंडस्ट्री में अश्लील गीत गाने वाले गायकों की आलोचना करती हैं और पुराने लोकगीत, भोजपुरी संस्कृति का प्रचार-प्रसार करती हैं। अक्सर उनके गीत वायरल होते हैं और वे अपने गीतों के माध्यम से राजनेताओं पर भी निशाना साधती रहती हैं। वहीं नेहा सिंह ने एक बार फिर भोजपुरी गीतों को गाने के बारे में बात करते हुए कहा कि उनका लक्ष्य भोजपुरी गीतों और भाषा को बचाना है। उन्होंने कहा कि भोजपुरी को बचने के लिए उनका आंदोलन तीन से चार साल से चल रहा है, जिसमें वे अकेली संघर्ष कर रही हैं। इस बारे में बात करते हुए नेहा ने कहा, 'मैंने तीन-चार साल पहले भोजपुरी बचाओ आंदोलन शुरू किया था। इसके तहत भोजपुरी को संरक्षित करने के लिए उन गीतों की एक डायरी बना रही हूं, जो 30-40 साल पहले हमारे पूर्वजों ने गाए थे। भोजपुरी को समृद्ध बनाने के लिए मैं साफ-सुथरे गाने लिख रही हूं। आजकल अश्लील भोजपुरी गाने बजते हैं। मैंने इसके खिलाफ यह आंदोलन शुरू किया है।' इसके साथ ही उन्होंने अश्लील गीत गाने वाले गायकों के बारे में बात की। साथ ही यह मुद्दा भी उठाया कि कैसे अश्लील गीत गाने वाले लोग राजनीति और संसद में बैठे हुए हैं।

लाइफ स्टाइल



किम का जलवा

अमेरिकी सोशलाइट किम कार्दशियन पिछले हफ्ते पेरिस में सुरक्षा के भारी बंदोबस्त के बीच नजर आई। फैंस उनकी एक झलक पाने के बेताब थे। पेरिस फैशन वीक के हिस्से के रूप में किम यहां महिलाओं के लिए रेडी-टू-वियर फॉल-विंटर 2024/2025 संग्रह के लिए बालेनियागा की डिजाइन को प्रदर्शित करने पहुंची थी।

## त्योहारों में जरूर रखें अपने बालों का ध्यान

जब भी कोई त्योहार आता है तो लोग खूबसूरत दिखने के तमाम तरह के स्किन केयर ट्रीटमेंट कराते हैं। स्किन केयर ट्रीटमेंट की वजह से त्वचा पर ग्लो आता है, लेकिन कई बार त्योहारों की भागदौड़ में लोग अपने बालों का ध्यान रखना तो भूल ही जाते हैं। अगर सही समय पर बालों का सही से ध्यान न रखा जाए तो ये डैमेज होने लगते हैं और इनकी खूबसूरत कम होने लगती है। इस परेशानी से बचने के लिए बहुत से लोग तो सैलून जाकर हेयर ट्रीटमेंट भी करा लेते हैं।

हेयर केयर ट्रीटमेंट कराने में काफी खर्चा आता है, इसकी वजह से कई लोग घरेलू तरीकों से ही अपने बालों का ध्यान रखते हैं। अगर आप भी उन्हीं लोगों में हैं, जो घर पर ही अपने बालों का ध्यान रखते हैं, तो इस लेख में हम आपको इसके कुछ तरीके बताने जा रहे हैं, जिनको अपनाकर आप अपने बालों का ध्यान रख सकें।



### न भूलें ऑयलिंग करना

त्योहारों की भागदौड़ में भी नियमित रूप से सिर की मालिश करें। इससे आपके सिर का ब्लड सर्कुलेशन सही रहता है और बालों की ग्रोथ भी सही से होती है।

### जरूर करें स्कैल्प को साफ

अगर आप अपनी स्कैल्प को सही से साफ नहीं करेंगे, तो इससे बाल डैमेज होने लगते हैं। इसी की वजह से हमेशा डैंड्रफ की समस्या भी सामने आती है। ऐसे में स्कैल्प को सही से साफ रखें।

### कंडिशनिंग है जरूरी

अगर चाहते हैं कि आपके बाल डाइड्रेट रहें तो बाल धोने के बाद कंडीशनर का इस्तेमाल करना न भूलें। इससे बाल में नमी बरकरार रहती है।

### हेयर मास्क का करें इस्तेमाल

इसके लिए जरूरी नहीं कि आप बाजार में बने मास्क का इस्तेमाल करें। आप इसके लिए घर पर बने हेयर मास्क का इस्तेमाल भी कर सकते हैं।

## गर्मियों के इस मौसम में बेस्ट है लाइट कलर के ये आउटफिट्स

गर्मियों के मौसम में कही जाने के दौरान महिलाएं ऐसे आउटफिट की तलाश में रहती हैं जिसमें वो कंफर्टेबल हो। वहीं आउटफिट ऐसा भी होना चाहिए जिसे गर्मियों के मौसम में आराम से कैरी किया जा सके और इस आउटफिट में वो स्टाइलिश और कूल भी नजर आएं। अगर आप गर्मियों के मौसम में किस तरह का आउटफिट पहने इस बात को लेकर कन्फ्यूज्ड हैं तो आप इस आर्टिकल की मदद से परफेक्ट ड्रेस का चुनाव कर सकती हैं। इस आर्टिकल में हम आपको कुछ ऐसे आउट्फिट्स के बारे में बताने जा रहे हैं जिन्हें आप गर्मियों के मौसम में पहन सकती हैं और इस आउटफिट पर बेहतरीन भी नजर आएंगी।

**चेक लाइन ड्रेसः** स्टाइलिश और कूल आने के लिए आप इस तरह का चेक ए-लाइन वाली लाइट ग्रीन वाइट ड्रेस का चुनाव कर सकती हैं। इस ड्रेस आप जहां गर्मियों के मौसम में आराम से कैरी कर सकती हैं तो वहीं ये ड्रेस कंफर्टेबल भी है साथ ही इस ड्रेस में आप काफी सुन्दर भी नजर आएंगी। इस ड्रेस के साथ आप शूज या फिर हील्स पहन सकती हैं। वहीं इस तरह की ड्रेस आपको



फैशन

ऑनलाइन प्लेटफार्म पर आसानी से मिल जाएंगी। वहीं बाजार से भी आप इस तरह की ड्रेस खरीद सकती हैं।

**फ्लेयर्ड ऑफस्लीव ब्लू ड्रेसः** वहीं गर्मी में पसीना ज्यादा के आने की वजह हैवी ड्रेस कैरी करना मुश्किल होता हैं। ऐसे में आप कॉलर वाली फ्लेयर्ड ऑफ स्लीव ब्लू ड्रेस चुन सकती हैं। इस तरह की ड्रेस इस मौसम में पहनने के लिए परफेक्ट ऑप्शन हो सकता हैं। इस ड्रेस के साथ फुटवियर में सैंडल या फिर हाई हील्स पहन सकती हैं ताकि आप अट्रैक्टिव नजर आएं। इस तरह की ड्रेस भी आपको ऑनलाइन मिल जाएगी। वहीं ऑफलाइन भी आप इस तरह की ड्रेस को सस्ते दाम में खरीद सकती हैं।


**मिडी ड्रेसः** अगर आप कुछ न्यू ट्रेंडिंग ड्रेस की तलाश में हैं तो आप इस तरह की पीच कलर की मिडी ड्रेस भी चुन सकती हैं।

## नई दुल्हन अपने पास जरूर रखें इस तरह के फुटवियर, हर लुक के साथ लगेंगे कमाल

अगर आपकी शादी भी जल्द होने वाली है, तो ये खबर आपके लिए है। दरअसल, हम आपको कुछ ऐसे फुटवियर के बारे में बताएंगे, जो हर नई दुल्हन के पास होना बेहद जरूरी होता है। ये सभी फुटवियर ना सिर्फ आरामदायक होते हैं, बल्कि साथ में ये हर लुक के साथ कमाल के लगते हैं।

**कोल्हापुरी चप्पलः** शादी के बाद कई तरह की रस्में होती हैं, जिसमें नई दुल्हन को शामिल होना ही पड़ता है। इसके साथ ही रिश्तेदारों के यहां भी जाना पड़ता है। ऐसे में कोल्हापुरी चप्पल आपके पास जरूर होनी चाहिए। ये काफी आरामदायक होती है। खास बात ये है, कि इसे उतारने के लिए आपको हाथ का इस्तेमाल करने की जरूरत नहीं पड़ेगी।

**मोजरीः** शादी के बाद अगर आप सूट पहनेंगी तो इसके साथ मोजरी देखने में कमाल की लगेगी। ये काफी आरामदायक भी होती हैं। ऐसे में आप इसे अपने साथ जरूर रखें। खास बात ये है मोजरी ज्यादा महंगी नहीं आती हैं तो आप एक से ज्यादा जोड़ी मोजरी अपने साथ रख सकती हैं।



**पैंसिल हील्सः** बहुत सी लड़कियों को हर आउटफिट में ग्लैमरस दिखना होता है। ऐसे में पैंसिल हील्स इसमें आपकी मदद कर सकती है। वेस्टर्न के साथ-साथ आप इसे एथनिक के साथ भी कैरी कर सकती हैं।

**स्टिलेटोजः** अगर आपको क्लासी लुक पसंद है, तो इस तरह की स्टिलेटोज अपने कलेक्शन में शामिल जरूर करें। ये साड़ी के अलावा सूट और वेस्टर्न ड्रेस के साथ भी काफी क्लासी लुक देती है।

## हेयर केयर में कंडीशनर है सबसे फेवरेट तो इससे जुड़ी जरूरी बातें समझ लीजिए

हेयर केयर का आप बहुत ध्यान रखते हैं, आप इतना ध्यान रखते हैं कि कई बार लड़कियों को भी आपके बालों की केयर देख जलन होने लगती है। लेकिन बालों की केयर के लिए आप सबसे ज्यादा क्या इस्तेमाल करते हैं? अगर आप हेयर केयर के लिए सबसे ज्यादा हेयर कंडीशनर को पसंद करते हैं तो फिर आपको हमारी इस गाइड पर एक नजर जरूर डाल लेनी चाहिए। आपको पता चल जाएगा कि कंडीशनर का इस्तेमाल कब और कितना करना है। या फिर कंडीशनर आखिर होता क्या है या ये बालों का ख्याल कैसे रखता है? आप भी कंडीशनर इस्तेमाल करते हुए इन्हीं सारे सवालों के बारे में सोचते हैं तो जवाब हम लेकर आ गए हैं।



### हेयर कंडीशनर होता क्या है?

हेयर कंडीशनर स्किन लोशन की तरह होता है। जैसे लोशन स्किन को मुलायम और हेल्दी बनता है, ठीक वैसे ही कंडीशनर भी बालों का ध्यान रखता है। खास बात ये है, कि ज्यादातर बार बालों के रूखा होने की वजह शैंपू ही होता है। दरअसल शैंपू के साथ बालों के नेचुरल ऑयल निकल जाते हैं।

### कंडीशनर ही क्यों?

बालों को जल्दी-जल्दी धोने से बचें। बाल में अपने नेचुरल कंडीशनर होते हैं जो बहुत धोने से कम होने लगते हैं। जब ये कंडीशनर कम हो जाता है तब हमें बाजार वाले कंडीशनर की जरूरत होती है। हां, जिन लोगों के बाल बहुत ऑयली होते हैं या जो लोग बहुत पसीने वाला कम करते हैं उन्हें बाल अक्सर धोने ही होते हैं। ऐसे में आपको खाली पानी से बालों को धो लेना चाहिए तब नेचुरल कंडीशनर इतना नहीं जाएगा।

### कंडीशनर का इस्तेमाल कैसे करें

कंडीशनर के सही असर को देखने के लिए आपको इसका इस्तेमाल भी सही तरीके से करना होगा। सबसे पहले थोड़ा कंडीशनर हाथ में लें और बालों पर लगा दें। इसको ठीक वैसे ही लगाएं जैसे आप शैंपू लगाते हैं। इस दौरान बालों पर मसाज भी जरूर करें।

कार्नर न्यूज

### होली मनाएं सुरक्षित ढंग से, आनंद हो जाएगा दोगुना

## होली के दिन गलती से भी न पहनें ऐसे कपड़े, वरना सामने आएगी बड़ी मुसीबत

*महाशिवरात्रि के बाद से लोगों के घरों में होली की तैयारियां शुरू हो जाती हैं। हर साल होली का त्योहार फाल्गुन मास की पूर्णिमा को मनाया जाता है। पंचांग के अनुसार, इस साल 24 मार्च को होलिका दहन किया जाएगा, इसके बाद अगले दिन यानी कि 25 मार्च को होली खेली जाएगी। भारत देश में ये त्योहार काफी धूमधाम से मनाया जाता है। बहुत से लोग फूलों से होली खेलते हैं, तो कई लोग अपने-अपने घरों में रंग और गुलाल की होली पार्टी का आयोजन करते हैं। बहुत सी जगहों पर तो पक्के रंग से होली खेली जाती है। इन रंगों को छुड़ाना भी काफी मुश्किल होता है। पक्के रंग से होली खेलते वक्त कपड़ों का भी ध्यान रखना बेहद जरूरी होता है, क्योंकि पक्का रंग पानी में घोलकर होली खेली जाती है।*



### पुराने कपड़ों से रहें दूर

होली खेलने के लिए अगर आप ज्यादा पुराने कपड़े पहनेंगे, तो हो सकता है कि कमजोर होने की वजह से ये फट जाएं। ऐसे में आप शर्मिंदगी का शिकार हो सकते हैं। कई बार ज्यादा पुराने कपड़ों की सिलाई भी खुल जाती है। ऐसे में होली खेलने के लिए ज्यादा पुराने कपड़ों से दूरी बनाएं।

### पारदर्शी कपड़े नहीं हैं सही विकल्प

अगर आप होली पार्टी में पारदर्शी कपड़े पहनकर जाएंगे, तो पानी पड़ने के बाद ये शरीर से चिपक जाएंगे। इससे आप खुद असहज महसूस करेंगे। ऐसे में सूती कपड़े पहनकर ही होली खेलने जाएं।

### महिलाएं न पहनें साड़ी

होली पार्टी में महिलाएं साड़ी पहनकर जाने से दूर ही रहें। ऐसा करने से आपका पूरा लुक ही खराब हो सकता है। पानी पड़ने के बाद साड़ी शरीर से चिपकने लगती है, जिसके बाद आपको काफी परेशानी होगी।

### ज्यादा टाइट कपड़े न पहनें

होली खेलने जा रहे हैं तो ज्यादा टाइट कपड़े न पहनें। इससे भीगे हुए कपड़े आपके शरीर से चिपके रहेंगे, जिसकी वजह से शरीर पर इंफेक्शन का खतरा मंडराता रहता है।

